# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 10.6 डिग्री


11 विनायकपुर में शराब जब्त, महिला को भेजा जेल





11 शिक्षा व स्वास्थ्य पर जागरूक किया महिलाओं को






## खबर संक्षेप

### 11 पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने 11 पुलिस कर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। जिसमें सउनि तुलसीराम साहू, प्रमोद सिंह भिलाई तीन, सउनि लखन लाल साहू एसीसीयू, हेमलता देशमुख भिलाई नगर, प्रधान आरक्षक पुष्पा राजपुत पुलगांव, प्रधान आरक्षक मनीष अग्निहोत्री, मनीष कुमार थापा थाना उतई, प्रधान आरक्षक धनवा राम दुर्ग, आरक्षक जीतनारायण यादव, राजू राणा और भूमिन्द्र वर्मा ट्रैफिक पुलिस दुर्ग तबादला किया गया।

### अनाचार करने वाला फरार तांत्रिक गिरफ्तार



**भिलाई।** युवती का अपहरण कर उसके साथ ठगी कर अनाचार करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि आरोपी का नाम हेमंत अग्रवाल अमलेश्वर निवासी है। इस दौरान आरोपी हेमंत अग्रवाल प्रदेश के बाहर अन्य राज्यों में घूम रहा था। वह बलौदाबाजार भी पहुंचा। अपना नाम बदलकर गीतपुरी इलाके में रहता था। मंगलवार को भिलाई तीन पुलिस ने सूचना पर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। 19 नवंबर 2025 को थाने में शिकायत हुई थी कि आरोपी हेमंत खुद को तांत्रिक बताकर युवती के परिवार के संपर्क में आया था। तंत्र-मंत्र के जरिए समस्याएं दूर करने का झांसा दिया और युवती के साथ अनाचार किया। आरोपी हेमंत ने युवती का अश्लील वीडियो बनाया और उसे वायरल करने की धमकी देकर अनाचार करता रहा। आरोप है क युवती के मर्जी के बिना आर्य समाज में शादी किराई थी। युवती दो से तीन बार गर्भवती हुई, जिसका आरोपी ने जबरन गर्भपात कराया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पक्षकारों के बयान लिए जा रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भिलाई।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना उरला रेलवे ट्रैक के पास की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि युवक का नाम भरदा गोंड पोस्ट बुंदेली छुईखदान खैरागढ़ गंडई निवासी रेखु लाल जंघेल के रुप में शिनाख्त हो पाया है। रेखु अपने घर से सात दिन पहले बिना बताए निकला था। युवक ने आत्महत्या किया या फिर ट्रेन से कटा है। इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। फिलहाल आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### उत्पादन हुआ प्रभावित, तीन कन्वर्टर को शटडाउन में लेकर रिपेयर शुरू

# बीएसपी में भीषण आग, करोड़ों का केबल और सामान जलकर राख, आधा दर्जन दमकलों ने घंटों बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

*भिलाई इस्पात संयंत्र में बीती रात दस बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से कोई जन हानि तो नहीं हुई लेकिन करोड़ों का नुकसान हो गया। एसएमएस-2 में तेज विस्फोट के साथ फैली आग से उत्पादन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। घंटों बाद अल सुबह आग पर काबू पाया जा सका। प्रबंधन द्वारा बंद किए गए कन्वर्टरों के संचालन को जल्द शुरु किए जाने का करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं इस घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।*

बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शांप-2 (एसएमएस) में सोमवार की रात दस बजे तेज ब्लास्ट के साथ आग लग गई। इससे करोड़ों के केबल और कर्मचारियों के लांकर और इनमें रखे कर्मियों के सामान जलकर रखा हो गए।

चारों तरफ फैली आग से बी शिफ्ट में काम कर रहे कर्मियों में अफरा-तफरी मंच गई। कन्वर्टर बी की टैपिंग के समय केमिकल प्रतिक्रिया के कारण भारी स्लैग का रिसाव हुआ, जिसके निकट बिछे कैबल और पीछे के साइड पैनल भी जल गए। मौके पर पहुंची आधा दर्जन से अधिक फायर ब्रिगेड व केंद्रीय यांत्रिकी व सेफ्टी की टीम ने तेजी से फैल रही आग को काबू पाने का प्रयास किया। वहीं कन्वर्टरों का संचालन रोक दिया गया।

आग लगने से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन हांट मेटल बाधित होने से रेल मिल व प्लेट मिल का उत्पादन प्रभावित होने के आसार हैं। प्रबंधन द्वारा तीनों कनवर्टरों को रिपेयर के लिए शटडाउन में लिया गया है और संचालन को जल्द प्रारंभ किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। आग लगने के कारणों का पता लगातने जांच के आदेश दे दिए हैं।






#### सीटू का दौरा, रिपोर्ट करें सार्वजनिक

सीटू की केंद्रीय टीम ने रात 12 बजे एसएमएस 2 का दौरा किया और टेक्निकल फाल्ट की जांच करके रिपोर्ट को सार्वजनिक किये जाने की मांग की है। यूनियन के मुताबिक यदि कर्मी भागे नही होते तो आग की चपेट में आ सकते थे। 8 नवंबर को चालू किए गए नए कन्वर्टर में फाल्ट बाद भी उत्पादन लेने की प्रक्रिया भी चालू थी। ब्रेक नहीं लगने से स्लैग ज्यादा ताकत में बाहर निकल गया और कंट्रोल रूम के नीचे के इलेक्ट्रिक केबल में आग लग गई। नीचे के इलेक्ट्रिक केबल तक पहुंच गया और ब्लास्ट के बाद तीनों कंट्रोल रूम जलकर राख हो गए।सीटू टीम ने मांग की कि प्रबंधन इस घटना को चेतावनी समझ गंभीरता से विश्लेषण किए जाने की जरुरत है।



#### बिजली गुल व फैले हॉट मेटल से परेशानी

चारों तरफ फैल केबल में आग लगने से बिजली गुल हो गई। इसके चलते फायर फाइटरों को आग बुझाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जमीन पर भारी बिखरे हॉट मेटल फैला था। कन्वर्टर से हॉट मेटल गिरने की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। तेज लपटों और लगातार ब्लास्ट होने की आवाज से अफरा-तफरी का मच गई।

### आरोपियों की तलाश जारी

## कॉलेज के प्रोफेसर दंपती ने किया छात्रों की फीस का गबन, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

कॉलेज के दो प्रोफेसर पति पत्नी ने 12 छात्रों की फीस को खाते में जमा न कर गबन करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि महकाखुर्द में स्थित प्रिज्म कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्राचार्या ने शिकायत किया है कि सत्र 2023 में नियुक्त सहायक प्रोफेसर सागर शर्मा और उनकी पत्नी गुरदीप कौर शर्मा ने अपने पद का दुरुपयोग कर छात्रों से कॉलेज के नाम पर लिए गए फीस की राशि गबन किया। कॉलेज के खाते में जमा ना कर रकम 3 लाख 45 हजार रुपए को अपने निजी खाते में डिपोजिट कराया है। पुलिस ने जांच के बाद 10 माह बाद दोनों के खिलाफ कार्रवाई किया है। जब पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो कॉलेज की प्राचार्य सीमा कश्यप ने न्यायालय पहुंची। जहां न्यायालय के आदेश पर अपराध दर्ज किया। सत्र 2023 में प्रथम वर्ष के 6 छात्रों से प्रति छात्र 20 हजार रुपए नगद लिए गए। छात्रों को कोई रसीद तक नहीं दी गई। जब फरवरी 2025 में कॉलेज द्वारा छात्रों से फीस की मांग की गई, तब छात्रों ने इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया। कॉलेज प्रबंधन ने सीनियर फैकल्टी सदस्यों की 3 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई। समिति ने 24 फरवरी 2025 को अपनी रिपोर्ट पेश की। जिसमें सागर शर्मा और गुरदीप कौर शर्मा को दोषी पाया गया। समिति की अनुशंसा पर आरोपियों को तीन दिन के भीतर छात्रों से ली गई पूरी फीस कॉलेज को लौटाने के निर्देश दिए गए। हालांकि आरोपियों ने कुल 3 लाख 45 हजार रुपए में से केवल 1 लाख 95 हजार रुपए ही वापस किए। शेष राशि अब तक जमा नहीं की गई।

- न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस की कार्रवाई
- दस माह बाद हुआ अपराध पंजीबद्ध

### भिलाई-दुर्ग में 50 से ज्यादा जगहों पर जमकर आतिशबाजी और भंडारा


## सौरभ चंद्राकर का बर्थ-डे मनाने वालों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

जेएम तांडी ▸▸ भिलाई

महादेव सट्टा किंग और प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को पुलिस चाह कर भी नहीं पकड़ पा रही है। ऑनलाइन सट्टा की आईडी चलाने वाले बेखौफ होकर कारोबार कर रहे हैं। मंगलवार को सौरभ चंद्राकर का जन्मदिन भिलाई-दुर्ग के 50 से ज्यादा जगहों पर मनाए जाने की खबर है।

इतना ही नहीं रात 12 बजे के बाद जमकर आतिशबाजी हुई। मंगलवार को पूरे दिन अलग-अलग जगहों भंडारा का आयोजन किया गया। इसकी भनक पुलिस को भी लगी। इसके बाद पुलिस ने अपनी मुखबिर सक्रिय कर दिए हैं। ऐसे सारे लोगों को कुंडली खंगाली जा रही है। इतना ही नहीं जिन लोगों को पुलिस ने महादेव सट्टा खिलाने के आरोप में पहले गिरफ्तार किया, वर्तमान में वे जमानत पर बाहर हैं। उनके बारे में पतासाजी की जा रही है। साथ ही ऐसे लोगों की कुंडली खंगाली जा रही है, जो पिछले कुछ समय में ऑनलाइन सट्टे के इस कारोबार में शामिल हुए हैं।

मंगलवार को कैम्प समेत आसपास के क्षेत्रों में केक काटने की खबर है। रात करीब कुछ जगहों पर पुलिस भी पहुंची, जिसे देखकर सटोरिए भाग खड़े हुए।




- मामले में हो चुकी 600 से ज्यादा की गिरफ्तारी
- 14 से ज्यादा हैं इस पूरे मामले में मास्टर माइंड

मंगलवार को शहर के पार्क समेत कई जगहों पर महाभोग का आयोजन कर जगह-जगह वितरण भी किया गया। इसके अलावा कैश का भी वितरण महादेव, लोटस समेत अन्य पैनल का कारोबार करने वाले गुर्गों ने प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का जन्म दिन बड़े धूमधाम से मनाया।

जबकि सौरभ चंद्राकर के खिलाफ पुलिस ने पहले ही लुक आउट नोटिस जारी कर चुकी है। अब तक सौरभ की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने जन्म दिन को लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सौरभ की शादी का वीडियो वायरल होने के बाद से गुर्गो ने जन्म दिन मनाने का वीडियो फुटेज तक वायरल हो रहे हैं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इस पूरे मामले को लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं।

#### 6000 करोड़ से ज्यादा का महादेव सट्टा घोटाला

ईओडब्ल्यू ने 6000 करोड़ रुपए से ज्यादा के महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में 2024 में एफआईआर दर्ज की थी। जांच के बाद 2024 में 2 अभियोग पत्र प्रस्तुत किए गए, जिसमें 14 लोगों को आरोपी बनाया गया। वहीं उनके 30 ठिकानों में छापे भी मारे गए। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप में काम करने वाले 3000 से ज्यादा लोग संदिग्धों की सूची में शामिल हैं। इन सभी के मोबाइल कॉल, बैंकिंग लेनदेन और डिजिटल वालेट की लगातार निगरानी की जा रही है। जांच में पता चला है कि इन सभी ने महादेव एप से अवैध कमाई कर उस रकम को कई जगहों पर निवेश किया है। इस सूची में नेताओं, सरकारी अफसरों, कर्मचारियों कई सामान्य तरीके से भी कारोबार करने वालों के नाम हैं। 70 एफआईआर दर्ज कर 300 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। महादव एप के मामले में मुख्य आरोपो सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल के साथ शुभम सोनी, एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, कांस्टेबल भीम सिंह यादव, रितेश यादव, भारत ज्योति, विश्वजीत राय, राहुल वेंकट, नीतीश दीवान, अर्जुन यादव और सतीश चंद्राकर समेत 14 को आरोपी बनाया गया है।

## टैंकर में भरा केमिकल सड़क पर गिरा, तीन किमी लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई



- खुर्सीपार थाना क्षेत्र की घटना

मंगलवार को टैंकर चालक ने बाइक सवार को बचाने के चक्कर में जोरदार बरेक लगा दिया। इस दौरान केमिकल तेल से भरे टैंकर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में टैंकर का पूरा केमिकल तेल सड़क और नालियों में फैल गया।

हादसे के बाद सड़क पर घंटे भर से अधिक समय तक जाम रहा। मिली जानकारी के मुताबिक खुर्सीपार थाना क्षेत्र में टैंकर रायपुर से दुर्ग की तरफ जा रहा था। तभी सामने बाइक सवार आने पर चालक ने ब्रेक लगा दिया। पीछे से ट्रेलर ने टैंकर को टक्कर मार दिया। टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और केमिकल तेल सड़क पर गिर गया। तेल फैलने से सड़क में कई बाइक सवार फिसलकर गिर पड़े। घटना में बाइक सवार युवक को गंभीर चोट आई है। खबर लगते ही ट्रैफिक पुलिस और आसपास के थानों का बल मौके पर पहुंच गया। फायर ब्रिगेड की दो दमकल बुलाए गए। सड़क पर फैले केमिकल तेल को साफ कराया गया। खुर्सीपार चरोदा तक नेशनल हाईवे में अधिक लंबा जाम लगा था।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार हाइवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना नगपुरा चौक के पास की है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम नारधा निवासी उत्तम कुमार अपने दोस्तों के साथ जसगीत झांकी देखने नगपुरा आया था। 10 जनवरी देर शाम शाम घर लौटते नगपुरा चौक में बाइक सीजी 07 सीएल 8423 को मोड़ते समय हाईवा सीजी 07 बीयू 7586 ने चपेट में लिया। घटना में उत्तम गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे चेक कर मृत घोषित कर दिया। हाईवा चालक की लापरवाही के कारण घटना होने की जानकारी पुलिस को मिली।






### भिलाई-दुर्ग में चला अभियान, आज भी जारी रहेगी जांच

> प्रतिबंध के बाद भी ट्विनसिटी में बिक रहा प्रतिबंधित मांझा

## मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे पर सख्ती 30 से ज्यादा दुकानों में जांच के बाद कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

मकर संक्रांति पर पतंगबाजों द्वारा चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करने से होने वाली दुघर्टनाओं को रोकने भिलाई-दुर्ग निगम और पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई की। भिलाई के जोन 5 के अधिकारियों और कोतवाली पुलिस मार्केट में औचक दबिश दी। प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वाले सहेली फैंसी स्टोर्स व दुल्हन फैंसी स्टोर्स ए मार्केट सेक्टर 6 से 4 हजार रुपए का जुर्माना वसूल कर चाइनीज मांझा जब्त किया। दुर्ग में सोलंकी पतंग में कार्रवाई की गई। भिलाई में सिंगल यूज प्लास्टिक पर भी कार्रवाई करते हुए तीन फल दुकानदारों पर 1500 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। इस अवसर पर निगम टीम से प्रह्लाद लहरे, दुर्योधन साहू, टेकराम हरिन्द्रवार, पुलिस विभाग से मनीष बाजपेयी, छोटेलाल सिंग, इसरार अहमद आदि उपस्थित रहे।




#### दुर्ग में सन्नी पतंग और सोलंकी पर जुर्माना



**दुर्ग।** शहर में चाइनीज मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम एक बार फिर सख्त रुख अपनाने हुए दुकानों में सघन जांच अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार एवं बाजार सहायक विभाग ईश्वर वर्मा ने सोलंकी पतंग व सन्नी पतंग में जांच की। कार्रवाई के दौरान परमेश्वर कुमार एवं ईश्वर वर्मा मौजूद थे।

**भिलाई में इन पतंग दुकानों पर की गई छापेमारी :** ननि क्षेत्रान्तर्गत लगभग 25 पतंग दुकानों पर छापामार की कार्यवाही की गई। पतंग दुकान गुप्ता पतंग दुकान कृष्णा नगर अनवर हुसैन एस एस काईट दुकान फरीद नगर पूजा सामग्री दुकान रावण भाटा रोड, विजय लक्ष्मी पतंग दुकान मस्जिद के सामने सुपेला बाजार, ताज रूई भंडार वार्ड क्रमांक 37, ताज पतंग सेंटर वार्ड क्रमांक 31. सुगंध रंगोली सेंटर, तिवारी ट्रेडर्स वार्ड कं. 19. गुप्ता फटाका दुकान वार्ड क. 20 वैशाली नगर, सुरेश किराना स्टोर्स वार्ड 15 अंबेडकर नगर में कार्रवाई की गई।
















# सूर्य उपासना और नई शुरुआत का पर्व

मकर संक्रांति भारत के प्रमुख और प्राचीन त्योहारों में से एक है, जो प्रकृति, सूर्य और मानव जीवन के आपसी संबंध को दर्शाता है। यह पर्व हर वर्ष 14 या 15 जनवरी को मनाया जाता है और सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ आरंभ होता है। इसी दिन से सूर्य की उत्तरायण यात्रा शुरू होती है, जिसे भारतीय संस्कृति में अत्यंत शुभ माना गया है।

मकर संक्रांति केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि कृषि, स्वास्थ्य, समाज और संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ उत्सव है। यह पर्व अंधकार से प्रकाश, नकारात्मकता से सकारात्मकता और ठंड से ऊष्मा की ओर बढ़ने का प्रतीक है।

### धार्मिक और पौराणिक महत्व

हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इसी दिन देवताओं के देवता भगवान विष्णु ने असुरों का संहार कर उनका सिर मंदार पर्वत में दबाया था। इस दिन गंगा स्नान, दान और जप-तप करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। महाभारत काल में पितामह भीष्म ने इसी दिन उत्तरायण का समय जानकर देह त्याग किया था, जिससे इस तिथि का महत्व और बढ़ जाता है।

मकर संक्रांति किसानों के लिए विशेष पर्व है। यह नई फसल के आगमन का समय होता है। खेतों में लहलहाती फसलें किसान की मेहनत और आशा का प्रतीक होती हैं। यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी देता है। सूर्य की तेज किरणें धरती को उर्वर बनाती हैं और जीवन में नई ऊर्जा का संचार करती हैं।


मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ का सेवन और दान विशेष रूप से किया जाता है। तिल शीत ऋतु में शरीर को ऊष्मा देता है, वहीं गुड़ ऊर्जा प्रदान करता है। "तिल-गुड़ खाओ, मीठा-मीठा बोलो" का संदेश सामाजिक सौहार्द और आपसी प्रेम को दर्शाता है। यह पर्व कटुता को छोड़कर मधुर संबंध बनाने की प्रेरणा देता है।

मकर संक्रांति पूरे भारत में अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाई जाती है-

उत्तर भारत में मकर संक्रांति के रूप में
-पंजाब में लोहड़ी
-तमिलनाडु में पोंगल
-गुजरात और महाराष्ट्र में पतंग उत्सव
-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में संक्रांति
-इन सभी रूपों में पर्व का मूल भाव एक ही है-आनंद, समृद्धि और उत्साह।
-पतंगबाजी और सामाजिक उल्लास

मकर संक्रांति पर आकाश रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है। यह दृश्य उल्लास, स्वतंत्रता और उत्साह का प्रतीक होता है। लोग छतों पर इकट्ठा होकर गीत-संगीत, स्वादिष्ट व्यंजन और हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाते हैं। यह त्योहार सामाजिक मेल-जोल और पारिवारिक एकता को मजबूत करता है।



## खबर संक्षेप

### कुम्हारी में बैडमिंटन टूर्नामेंट, आज पंजीकरण की अंतिम तिथि

**कुम्हारी।** कुम्हारी बैडमिंटन क्लब द्वारा आगामी 17 और 18 जनवरी को महामाया रोड स्थित बैडमिंटन क्लब परिसर में नॉन-प्रोफेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज पंजीकरण की अंतिम तिथि है। प्रत्येक वर्ग के विजेता को 11,000 रुपये और उप-विजेता को 7,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में केवल गैर-पेशेवर खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे और उन्हें आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता 18 से

**सेलूद।** न्यू ज्योति क्रिकेट क्लब चुनकट्टा व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चुनकट्टा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट का महासंग्राम 2026 का आयोजन 18 जनवरी से किया जा रहा है। 18 जनवरी को सुबह 10 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। प्रवेश शुल्क मात्र 600 रु रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 15001 रु नगद व वीनर ट्रॉफी द्वितीय पुरुस्कार 8001 रु नगद व रनर अप ट्रॉफी, तृतीय पुरुस्कार 5001 रु नगद व रनर अप ट्रॉफी व चतुर्थ 3001 रु नगद व रनर अप ट्रॉफी दिया जाएगा।

## निधन

### बलदेव प्रसाद यादव

**दुर्ग।** चंदैनी भांठा नया बस स्टैण्ड



दल्ली राजहरा निवासी बलदेव प्रसाद यादव 65 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। वे द्रोपती यादव के पति, दुर्ग जनपद पंचायत सदस्य गोपाल कुमार यादव एवं गोविंदा यादव के पिता थे।

### रमाशंकर पाण्डेय

**भिलाई।** सेक्टर 8, सड़क 40, क्वार्टर नंबर 3 डी निवासी



रमाशंकर पांडेय 78 वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जनवरी को सुबह वाराणसी उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के तट पर किया जाएगा। वे सहायक उप निरीक्षक राजेश पांडेय, रंजीत पांडेय, अखिलेश पांडेय व रविंद्र पांडेय के पिता थे।

### युवराज सिंह बिसेन

**भिलाई।** क्षत्रिय कल्याण सभा



भिलाई नगर के आजीवन सदस्य,2/6 राधिका नगर निवासी सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक युवराज सिंह बिसेन 75 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जनवरी को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी राधिका सिंह, पुत्र विजय सिंह (छोटा सिंह), पुत्री गुड़िया, पोता शुभम सिंह, तीन पोती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### शांति साहू

**भिलाई।** नेहरू नगर वेस्ट 29/10



निवासी शांति साहू का निधन हो गया। जिनका अंतिम सस्कार राम नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। इनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से मुक्तिधाम के लिए बुधवार को 12 बजे से निकलेगी। शांति शेखर साहू, संजय,अजय साहू की मां थीं।

## किसान बंधु संगठन धमधा के आंदोलन से हिला प्रशासन

# महिलाओं की मौजूदगी से दिखा जनआक्रोश, धान खरीदी ढेरी व्यवस्था में बदलाव, सौंपा गया ज्ञापन

**दुर्ग कलेक्टर का किसानों से स्वयं न मिलने पर शासन की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल**






हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा ब्लॉक के किसानों की वर्षों से लंबित और लगातार अनदेखी की जा रही समस्याओं को लेकर मंगलवार को दुर्ग कलेक्टर कार्यालय उस समय गूंज उठा, जब किसान बंधु संगठन धमधा के नेतृत्व में सैकड़ों किसान और बड़ी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर ज्ञापन सौंपने पहुंचे। इस दौरान किसानों के साथ-साथ महिलाओं की भागीदारी ने जनआक्रोश को और भी व्यापक व गंभीर रूप दे दिया।

किसानों ने प्रशासन के समक्ष स्पष्ट रूप से यह सवाल खड़ा किया कि आखिर शासन और प्रशासन किसानों के विरुद्ध क्यों काम कर रहा है, जबकि किसान ही प्रदेश की रीढ़ हैं। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने शासन की कार्यप्रणाली पर सीधा सवाल उठाते हुए कहा कि समस्याएं वर्षों से लंबित हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही दिए जाते रहे हैं।

ज्ञापन में मुख्य रूप से ग्राम परसकोल भूमि अधिग्रहण मुआवजा प्रकरण, धान खरीदी में टोकन सिस्टम के नाम पर हो रही मनमानी, किसानों से जबरन ढेरी लगवाने की समस्या तथा शराब दुकान अछोली प्रकरण में कथित अनियमितताओं को प्रमुखता से उठाया गया।

किसानों ने बताया कि ग्राम परसकोल में नहर निर्माण के लिए लगभग 40 वर्ष पूर्व भूमि अधिग्रहण किया गया था, लेकिन आज तक प्रभावित किसानों को मुआवजा नहीं मिला। यह शासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है कि पीढ़ियां बदल गईं, लेकिन किसानों को उनका हक नहीं मिला।

धान खरीदी व्यवस्था को लेकर किसानों और महिलाओं में विशेष आक्रोश देखने को मिला। किसानों का आरोप है कि टोकन सिस्टम के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है और हमालों की नियुक्ति होने के बावजूद किसानों से ही ढेरी लगवाई जा रही है। महिलाओं ने कहा कि यह न केवल किसानों का शोषण है, बल्कि उनके परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला है।

इसी तरह शराब दुकान अछोली प्रकरण में कथित फर्जीवाड़े को लेकर भी किसानों ने शासन की चुप्पी पर सवाल उठाए। किसानों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद आज तक न तो जांच दल गठित किया गया और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई, जिससे शासन की मंशा पर संदेह गहराता जा रहा है।

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद प्रशासन ने धान खरीदी को लेकर तत्काल कुछ निर्देश जारी किए, जिससे ढेरी लगाकर बेचने वाले किसानों को राहत मिली। हालांकि किसानों का कहना है कि यह राहत अस्थायी है और जब तक लिखित आदेश और स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक भरोसा नहीं किया जा सकता।

इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ी विडंबना यह भी सामने आई कि इतने बड़े जनआक्रोश और सैकड़ों किसानों व महिलाओं की मौजूदगी के बावजूद कलेक्टर ने आज तक स्वयं किसानों से मुलाकात नहीं की है। किसानों का कहना है कि यदि शीर्ष प्रशासन सीधे संवाद करता, तो हालात इतने गंभीर नहीं होते।

किसान बंधु संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शेष मांगों पर शीघ्र, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो यह जनआक्रोश आने वाले दिनों में और भी बड़ा आंदोलन का रूप ले सकता है, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से बाबा टेकसिह चंदेल, आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक, राजेंद्र वर्मा,जय प्रकाश विश्वकर्मा,पेखन यादव,भवानी सिन्हा,परमेश्वर साहू,सनत साहू,कमल नारायण सुपंथक,गंगाराम कुर्रे सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

> **शासन ढीला और प्रशासन लचीला हो गया है**
>
> “ पूरे प्रदेश में इन दिनों शासन ढीला और प्रशासन लचीला हो गया है। हमारे द्वारा किसानों की आवाज हमेशा जिला स्तर में उठाई जाती है लेकिन कितना दुर्भाग्य पूर्ण है जो किसानों से दुर्ग कलेक्टर स्वयं निराकरण के लिए नहीं मिलते जिसे अन्नदाता किसानों का सरासर अपमान कहा जा सकता है।
>
> **बाबा टेकसिह चंदेल,** किसान नेता

## अंचल की खबरें

### शिक्षा व स्वास्थ्य पर जागरूक किया महिलाओं को



**अंडा।** संकल्प एक प्रयास के तहत गरिमा परियोजना अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन ग्राम खांडा में किया गया। जहां पर ग्रामीण महिलाओं को शिक्षा एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। यहां गरिमा परियोजना अंतर्गत सभी महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरण किया गया साथ ही महिलाओं को बाल विवाह शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू विशेष रूप से उपस्थित थीं। साथ में गरिमा परियोजना से फेलो के रूप में भोथली से रानू साहू, मंदाकिनी, भुनेश्वरी, पंचायत सचिव रोमनाथ दिल्लीवार, आंगनबाड़ी संचालिका मालती देशमुख, मितानिन पुष्पा बाई एवं बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं उपस्थित रही। इस दौरान दामिनी साहू ने बताया कि वे खुद रोज समय निकालकर रोज 2 घंटे बच्चों को संकल्प एक प्रयास के तहत शिक्षा दान में सहयोग प्रदान करती हैं।

### नौनिहाल मानस मंडली ने किया रामकथा का सस्वर पाठ



अंडा। ग्राम परसदा में नौनिहाल मानस मंडली के तत्वावधान में मानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में श्रीरामचरितमानस के सस्वर पाठ एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों का संदेश दिया गया। मानस मंडली के सदस्यों सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, अनिल कुमार, लवीश कुमार, चंद्रप्रकाश, किरण साहू, रोहित कुमार एवं लालचंद ने समर्पण भाव से मानस पाठ प्रस्तुत किया। उनके मधुर स्वर और भावाभिव्यक्ति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान रामभक्ति, सत्य, धर्म, सेवा और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला गया। आयोजन स्थल पर पूरे समय भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रोताओं ने ध्यानपूर्वक मानस ज्ञान यज्ञ का श्रवण किया। ग्रामवासियों ने नौनिहाल मानस मंडली के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की इच्छा जताई।

### आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रही महिलाएं



**पाटन।** आस्था महिला बुनकर सहकारी समिति मर्यादित, पाटन के कार्यालय में नवीन बुनकर प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पाटन नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुनकर समिति से जुड़ी महिलाएं न केवल स्वयं कार्य कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हैं। आयोजन की अध्यक्षता सहकारिता विभाग के प्राधिकृत अधिकारी एवं सीईओ भूपेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने की। विशेष अतिथि उर्वशी देवांगन, समिति प्रबंधक धनराज देवांगन एवं सुंदर राज देवांगन सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## विनायकपुर में शराब जब्त, महिला को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



अंडा थाना अंतर्गत विनायकपुर में अवैध शराब के कारोबार पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में महिलाओं को गिरफ्तार कर देशी मदिरा जब्त की है। दोनों ही मामलों में आबकारी अधिनियम की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना प्रभारी अंडा पारस राम ठाकुर के मार्गदर्शन से उपनिरिक्षक तुलसी राम साहू व स्टाफ बल दल के साथ 12 जनवरी को पुलिस द्वारा आरोपी कामिन बाई पति उजियार साहू, उम्र 70 वर्ष, निवासी इंदिरा आवास के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई। कुल जब्त शराब की मात्रा 5.760 बल्क लीटर एवं अनुमानित कीमत 2560 रुपये आंकी गई। शराब को गवाहों के समक्ष जप्ती पत्रक के अनुसार सीलबंद कर पुलिस कब्जे में लिया गया तथा परीक्षण हेतु सुरक्षित किया गया। आरोपी के पास से विक्रय की राशि 400 रुपये नगद बरामद हुआ। सफेद प्लास्टिक बोरी में 33 पौवा देशी मदिरा सोले कांच की शीशियों में पाई गई। शराब की कुल मात्रा 5.940 बल्क लीटर एवं कीमत 2640 रुपये आंकी गई है।

## रामधुनी आस्था का प्रतीक : साहू

**पाटन।** ग्राम असोगा बाड़ाख़ोर चौक एवं रानीतराई बस्ती में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से रामधुनी सम्मेलन आयोजित किया गया।जिसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य रश्मि भेदप्रकाश वर्मा ने की। विशेष अतिथि सत्यनारायण टिकरिहा सरपंच,जानकी चोपड़िया सरपंच असोगा,भविष्य जैन,सीताराम ठाकुर पूर्व सरपंच,रामसिंग अंगारे,परमानंद साहू ने सियाराम,हनुमान की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख,समृद्धि,खुशहाली की मंगलकामना की। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने कहा कि हम सबको रामधुनी के माध्यम से जीवन जीने की कला सीखना चाहिए,प्रत्येक पात्र हमारे परिवार,ग्राम में होते है। जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने रामचरित मानस के श्लोक प्रस्तुत किए।उन्होंने विकासकार्यों के लिए लगभग 15 लाख की स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त किया।



## बिजनेस साइट

### इंडस्ट्रियल ट्रॉमा का केस, हाईटेक में 4 माह के इलाज से मरीज का पैर बचा



**भिलाई।** इस्पात कारखाने में कार्यरत एक कर्मचारी का पैर गर्म लोहे के स्ट्रक्चरल से बुरी तरह झुलस गया था। टखने से पंजे तक मांस-मज्जा कुछ नहीं बचा था। उसे इलाज के लिए हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चार माह के बेहतर इलाज के बाद मरीज अब पूरी तरह ठीक हो गया है। उसका पैर बचा लिया गया है। हाइटेक के सर्जन डॉ. नवील शर्मा ने बताया कि बीते सितंबर महीने में अस्पताल में एक काफी क्रिटिकल पेसेंट आया था। इस्पात संयंत्र में काम करने के दौरान उसका पैर हॉट रोल के दौरान एक स्ट्रक्चरल में आ गया था। इससे बाएं पैर का टखना बुरी तरह झुलसा दिया। टखने से नीचे का हिस्सा पूरी तरह कंकाल हो गया था। अस्थियों को भी काफी नुकसान पहुंचा था। मरीज का उपचार तत्काल प्रारंभ किया गया। इलाज के दौरान मरीज को विश्वास में लिया गया। इससे 5 दिन में ही मरीज के शरीर ने अच्छी प्रतिक्रिया दी। डॉक्टर ने मरीज को भरोसा दिलाया कि रिकवरी अच्छी है और उसका पैर ठीक हो जाएगा। उसका मल्टीस्टेज आधार पर इलाज किया गया। पहले घाव को भरने दिया गया। लिगामेंट्स और रक्तसंचार भी दुरुस्त किया गया। इसके बाद पंजे को कवर करने के लिए मरीज की दाहिनी जांघ से त्वचा लेकर वहां ग्राफ्टिंग की गई। अब मरीज का जख्म पूरी तरह से भर चुका है। मरीज ने कहा कि इलाज के दौरान अस्पताल के अन्य विभाग के चिकित्सकों ने भी लगातार उनपर नजर बनाए रखी। जब-जब जरूरत पड़ी बाहर से भी विशेषज्ञ बुलाए गए।

## शिव महापुराण कथा व पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में में शिव महापुराण कथा पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 15 जनवरी से 19 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें 15जनवरी को दोपहर 2बजे मंगल कलश यात्रा व शिवपुराण कथा आरंभ होगी। वही प्रतिदिन सुबह 8बजे से 11बजे गायत्री महायज्ञ व दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक शिव महापुराण होगा। कथावाचक प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन गायत्री आश्रम चांदो डोंगरगांव और पारायणकर्ता प्रज्ञा पुत्र नीतेश कुमार वैष्णव होंगे। यह जानकारी आयोजक समिति के हेमराज निर्मलकर व हरि सेवक मेश्राम ने दी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक 106.रा.नि. 2026, कोहका, दिनांक 13/01/2026

प्रति,

1. आवेदक - सीता राय ध.प. अवधेश राय निवासी गणेश नगर रिसाली। मो.नं.-7999928868.

**विषयः सीमांकन / स्थल जांच के संबंध में सुचना बाबत।**

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला – दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1561/31 रकबा 0.0200 हे. का सीमांकन हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर । अधीक्षक भू अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1209 दिनांक 03/10/2025 के परिपालन में दिनांक 28/01/2026 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है।

अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद आपति स्वीकार नहीं होगी।

(मुहर) राजस्व निरीक्षक
कोहका

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सैलोदा सावित्री पति एस मोहन राव निवासी म.नं. 02, ब्लॉक 9 डी, मानसरोवर बस्ती भिलाई, 03, भिलाई चरोदा तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं कि मैंने अपना पुराना नाम एस शांति पति मोहन राव को त्याग कर नया नाम सैलोदा सावित्री पति एस मोहन राव रख ली हूं।

अतः आज से मुझे समस्त, शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सैलोदा सावित्री पति एस मोहन राव से ही जाना पहचाना जावें।

**सैलोदा सावित्री**
निवासी म.नं.-02, ब्लॉक 9 डी,
मानसरोवर बस्ती भिलाई-03
भिलाई-चरोदा तह. व जिला दुर्ग छ.ग.

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक-नवीन राम दारुका
2. अनुप कुमार सिंह
3. रामशरण यादव
4. सोमेश्वर खिचरिया
5. सुधा शर्मा/ संतोष शर्मा

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/33, 1/220, 1/232, 1/242, 1/247, 1/401, 1/402 रकबा 0.413 हे. भूमिस्वामी / आवेदक नवीन राम दारुका का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 232 दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपत्ति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपति गान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक-संतोष कुमार शर्मा/ एच.एन. शर्मा
2. लक्ष्मण खिचरिया
3. अनुप कुमार सिंग
4. आरोग्यम
5. सोमेश्वर खिचरिया

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/36, 1/229, 1/404 रकबा 0.496 हे. भूमिस्वामी / आवेदक संतोष कुमार शर्मा व अन्य आ. एच.एन. शर्मा का सीमांकन/बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 237 दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपत्ति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपति गान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक-सुधा शर्मा/ संतोष कुमार शर्मा
2. लक्ष्मण खिचरिया
3. आरोग्यम
4. अनुप कुमार सिंग
5. सोमेश्वर खिचरिया

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/397, 1/398, 1/399, 1/400 रकबा 0.40 हे. भूमिस्वामी / आवेदक सुधा शर्मा / संतोष कुमार शर्मा का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 238 दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपत्ति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपति गान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक-अनुप कुमार सिंह
2. रामशरण यादव
3. आरोग्यम
4. सोमेश्वर
5. लक्ष्मण खिचरिया
6. राहुल जायसवाल

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/295, 1/221, 1/252, 1/267, 1/166, 1/228, 1/292 रकबा 0.1533 हे. भूमिस्वामी / आवेदक अनुप कुमार सिंह / उदल सिंह का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 236 दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपत्ति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक-रामशरण यादव
2. सोमेश्वर खिचरिया
3. अनुप कुमार सिंग
4. आरोग्यम

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/15, 1/405, 1/138 रकबा 0.1898, 0.014, 0.0377 हे. भूमिस्वामी / आवेदक रामशरण यादव/ बिसौहाराम यादव का सीमांकन/बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 234 दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपत्ति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक- अस्मिता कुंजे
2. अनुप कुमार सिंग
3. सामेश्वर खिचरिया
4. आरोग्यम
5. रामशरण यादव

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूनि खसरा नम्बर 1/210 रकबा 0.018 हे. भूगिस्वागी आवेदक अस्गिता कुंजे / संजय का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 235 दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपत्ति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपत्ति गान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक- नितिन अनंत
2. अनुप कुमार सिंग
3. सामेश्वर खिचरिया
4. आरोग्यम
5. रामशरण यादव

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/222 रकबा 0.018 हे. भूमिस्वामी आवेदक नितिन अनंत / सेवतकार का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 233 दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपति गान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक- तरुण कुमार खिचरिया
2. राकेश खिचरिया
3. सामेश्वर खिचरिया
4. कनिज फातिमा

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/2, 1/299 रकबा 0.131, 0.337 हे. भूमिस्वामी / आवेदक तरुण कुमार खिचरिया / राधेश्याम का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक Q दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपति गान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, जिला व तह. दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति,

1. आवेदक-सोमेश्वर खिचरिया
2. रामशरण यादव
3. तरुण खिचरिया
4. घनश्याम खिचरिया
5. कनिज फातिमा, अनुप कुमार सिंग

**विषयः- सीमांकन / स्थल जांच / बटांकन के संबंध में सूचना बाबत्।**

ग्राम कातुलबोड प.ह.न. 42 रा.नि.म. तितुरडीह, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/298, 1/22, 1/26 रकबा 1.295, 0.51, 0.534 हे. भूमिस्वामी / आवेदक सोनेश्वर खिचरिया/ स्व. फाल्गो राम खिचरिया का सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच हेतु न्यायालय तहसीलदार दुर्ग/अधीक्षक भू-अभिलेख/ सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक Q दिनांक 9/01/26 के परिपालन में दिनांक 17/1/26, 18/1/26, 19/1/26 को समय 11:00 से 05:00 बजे के बीच में सीमांकन/ बटांकन/ स्थल जॉच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त भूमि / खसरा नम्बर पर आपत्ति पेश करना चाहता है, कार्यालय/मौके पर अपने सम्पूर्ण दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे। तत्पश्चात् आपति गान्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
तितुरडीह

## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ का युवक युवती परिचय सम्मेलन स्थगित

**भिलाई।** जिला साहू संघ भिलाई नगर द्वारा आगामी 25 जनवरी को आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। यह कार्यक्रम आने वाले सत्र में नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय जिला साहू संघ की बैठक में लिया गया, जिसमें भिलाई जिला के अंतर्गत आने वाले चारों तहसील अध्यक्ष, जिला साहू संघ भिलाई के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी गण और समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### डॉ. दुष्यंत खोसला को किया जिला बदर

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त डॉ. दुष्यंत खोसला को एक वर्ष की अवधि तक जिले एवं इसके सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया है। एसएसपी के प्रतिवेदन पर अनावेदक के आपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण करने तथा आम जनता में शांति व्यवस्था बनाए रखने यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार अनावेदक डॉ. दुष्यंत खोसला अहिवारा का रहने वाला है। उसे रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान, राजनांदगांव, बालोद एवं धमतरी की सीमाओं से एक सप्ताह के भीतर बाहर जाना होगा। उसके विरुद्ध थाना नंदिनी नगर में गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे 5 अपराध दर्ज हैं। जांच में मिला है कि आरोपी लोगों की झूठी शिकायत कर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था।

### विवेकानंद जयंती पर सामान्य ज्ञान परीक्षा

**दुर्ग।** शा. पूर्व माध्य. शाला चीचा में युवा प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जंयती पर युवा दिवस मनाया गया। जिसमें सामान्य ज्ञान परीक्षा एवं तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र में शाला के प्रधान पाठक एनएल साहू द्वारा दीप प्रज्वलित कर उनके शिक्षा, चरित्र निर्माण, वा युवा नशा मुक्त पर विचार व्यक्त किए। श्री देशमुख ने विवेकानंद की जीवनी को विद्यार्थियों से साझा किया। श्री बघेल द्वारा शिकागो यात्रा, रचनाएं, धर्म सम्मेलन व विचारों को प्रस्तुत किया।

## शहर की बदलेगी तस्वीर...135 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों को मंजूरी, कुछ को शासन से स्वीकृति के लिए भेजा गया

# इंदिरा मार्केट में 17 करोड़ की मल्टीलेवल पार्किंग को मंजूरी, 6 करोड़ से केनाल रोड व 11 करोड़ से राजेंद्र पार्क से आईएमए तक बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर की तस्वीर आगामी दिनों में बदलने जा रही है। 135 करोड़ के काम नए साल में होने जा रहे हैं। इन कामों को महापौर परिषद की बैठक में चर्चा के लिए लाया गया। इसमें कुछ कामों की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही कुछ को शासन को भेजने की अनुशंसा की गई। इसमें सबसे प्रमुख कार्यों में इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग का काम रहा, जहां करीब 100 वाहनों की पार्किंग के इंतजाम होंगे।

तीन मंजिला इमारत में यह मल्टीलेवल पार्किंग ऑपरेट होगी। करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से यह काम होने जा रहा है। इसके अलावा राजेंद्र पार्क से ग्रीन चौक होते हुए आईएमए चौक तक 11.03 करोड़ रुपए की लागत से चौड़ी सड़क का निर्माण होगा। वहीं धमधा नाका से जल कमल कलश होते हुए आदित्य नगर, तितुरडीह होते हुए रायपुर नाका अंडर ब्रिज तक एक नई सड़क करीब 9 करोड़ रुपए में विकसित की जाएगी। इन तीनों प्रस्ताव को शासन को भेजा गया है। वहीं करीब 6 करोड़ रुपए की लागत से साइंस कॉलेज के पास केनाल रोड से स्टेशन तक नई सड़क के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, कार्यपालन अभियंता प्रकाश थवानी, महापौर परिषद के सदस्य सहित अन्य मौजूद थे।

## महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय, फिल्टर प्लांट का होगा रिनोवेशन

### 27 करोड़ से शहर के सात प्रमुख कामों को भी दी गई मंजूरी

एमआईसी की बैठक में शहर के चार प्रमुख नालों के किनारे सड़क निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसमें 1.40 करोड़ से जिला पंचायत से पोटिया नाला, 3.70 करोड़ से शक्तिनगर नाला, 1.20 करोड़ से जटार क्लब से कलेक्टर, एसपी बंगाला होते हुए डीएफओ कार्यालय से नाला सहित अन्य शामिल हैं। इस दौरान नाले की लाइनिंग का भी काम किया जाएगा। बैठक में एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, लीलाधर पाल, शशि साहू सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### 24 और 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट का होगा रिनोवेशन

बैठक में 24 और 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के रिनोवेशन को भी स्वीकृति प्रदान की गई। फिल्टर प्लांट व इंटेकवेल उन्नयन भी मंजूरी दी गई। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि इन विकास कार्यों से शहर की यातायात व्यवस्था, जल निकासी और नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। बैठक में 26 जनवरी को उपादान राशि चेक वितरण एवं अनुकंपा नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। फिल्टर प्लांट के सभी पुराने उपकरणों का बदला जाएगा। जरुरत के आधार पर मेंटेनेंस भी कराया जाएगा।

### नालंदा परिसर और उरला में बनेगा पहुंच मार्ग

बैठक में करीब 3 करोड़ रुपए की लागत से उरला से एसटीपी पहुंच मार्ग की स्वीकृति प्रदान की गई। पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में बन रहे नालंदा परिसर में पहुंच मार्ग के लिए भी राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के पोटिया स्थित प्रशासनिक कार्यालय से गौठान होते हुए गुंडरदेही मार्ग को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार करीब 135 करोड़ के कामों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में अधोसंरचना मद एवं नगरोत्थान योजना अंतर्गत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

# थम नहीं रहा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, शहर के आउटर में हो रहे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक पिछले लंबे समय से खपाया जा रहा है। शिकायतों और कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति के कारण इनका प्रोडक्शन करने वालों को हौसले बुलंद हैं।

■ 5 दुकानदारों पर 10,500 का लगाया जुर्माना

प्रतिबंध के बाद भी शहर के आउटर और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा प्लास्टिक तैयार किया जा रहा है। उसकी बकायदा मार्केटिंग की जा रही है, उसे दुकानों तक पहुंचाया जा रहा है।

थोक विक्रेता खुलेआम इसे बेच रहे हैं। ठेल-खोमचों, फल की दुकानों, होटलों में ये पॉलीथिन बड़ी की आसानी से पहुंच रहे हैं। इस प्रकार दुर्ग शहर में शासन का फरमान बेअसर है। मंगलवार को एक बार पुनः खानापूर्ति के नाम पर कुछ दुकानों में कार्रवाई की गई। बता दें कि निगम द्वारा लगातार प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का दावा किया जा रहा है। इसे लेकर अभियान भी चलाया जा रहा है। बावजूद सिंगर यूज प्लास्टिक और निर्धारित मानकों से कम के कैरी बैग आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं।



### निगम ने चलाया अभियान, छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई

निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। व्यापारियों एवं नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद भी प्रतिष्ठान एवं फल ठेला वाले प्लास्टिक में सामग्री डालकर विक्रय कर रहे है। प्लास्टिक स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है और नष्ट नहीं होता है, फिर भी इसका उपयोग लगातार किया जा रहा है। बाजार विभाग के प्रभारी परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की गई। 5 दुकानों से 10500 रूपये की चालानी कार्रवाई की गई।

### रसमड़ा, चंदखुरी, जेवरा-सिरसा में हो रहा प्रोडक्शन

जानकारी के मुताबिक शहर के आउटर में बसे ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी-छिपे सिंगल यूज प्लास्टिक का बड़ा कारोबार संचालित हो रहा है। कुछ लोग डिस्पोजल ग्लास, प्लेट से लेकर अन्य सामान तैयार कर रहे हैं। पॉलीथिन भी तैयार की जा रही है। रसमड़ा और चंदखुरी में व्यापक स्तर पर यह काम किया जा रहा है। इसके अलावा चिखली, जेवरा-सिरसा में भी ऐसी फैक्ट्री संचालित होने की खबर है। खास बात यह है कि इन सभी फैक्ट्रियों से सामान थोक विक्रेताओं तक पहुंच रहा है, जो इसे छोटे दुकानदारों को बेच रहे हैं।

# आयुक्त ने वैशाली नगर क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शांति नगर क्षेत्र का प्रातः भ्रमण किये। भ्रमण के दौरान त्रिकोणा उद्यान, नवीन डामरीकरण रोड, प्रस्तावित सड़क निर्माण सहित साफ-सफाई का मौका निरीक्षण कर जायजा लिये और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये है। निगम आयुक्त द्वारा वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 14 शांति नगर क्षेत्र में स्थित त्रिकोणा उद्यान का निरीक्षण किया गया है। उद्यान में साफ-सफाई, सिंचाई एवं प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर कराने कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा एवं उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया गया है। मोहल्ले के उपस्थित नागरिको से उद्यान रखरखाव एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा किये। दिगम्बर जैन मंदिर के समीपस्थ नागरिको एवं मोहल्ले वासियो को सुगम यातायात की सुविधा मिले इस हेतु नया डामरीकरण सड़क निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन आयुक्त द्वारा किया गया है। शिव मंदिर कालोनी में स्थानीय नागरिको द्वारा सड़क बनाने मांग किया गया है। उक्त स्थल पर सड़क निर्माण होना प्रस्तावित है। जिसका अवलोकन कर आयुक्त ने कार्यवाही पूर्ण कर कार्य कराने निर्देशित किये है। शांति नगर में गली, मोहल्लो का साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश किये है। रिक्त भूमि में लोगों द्वारा अपने घरो का कचरा फेंका जाता था, जिसका कायाकल्प करते हुए गार्बेज वेरियेबल प्वाइंट के रूप में पेविंग कर ब्यूटिफिकेशन का कार्य किया गया है। जिससे जगह की खूबसूरती बढ़ गई है। इस स्थल का शेष बचे हुए भूमि में वेडिंग जोन हेतु उपयोग करने कहा गया है। निगम आयुक्त द्वारा शहर की नागरिकों से अपील किया गया है कि अपने घरों के सामने व्यर्थ का पानी न बहाएं। अनजाने में किए गए इस रोड धुलाई से डामर रोड की मजबूती खत्म होती है और ज्यादातर स्थलों में रोड ध्वस्त हो जाता है जिससे पूरा शहर परेशान होता है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता चंदन निर्मलकर, शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, अंजनी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

■ डामरीकरण कार्य, प्रस्तावित सड़क निर्माण व उद्यानों की स्थिति देखी

# बीजारोपण महोत्सव, बच्चों को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बीआईटी कॉलेज मैदान में कदम संस्था द्वारा एक महापौर बीजारोपण महोत्सव 2026 कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें कदम संस्था द्वारा स्कूली बच्चों को 2 माह पूर्व ईको फ्रेंडली पैकेट में खम्हार और करंज के बीज वितरित किये गये थे और उन्हें रोपित कर पौधे के रूप में विकसित करने कहा गया था जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

■ कदम संस्था की पहल बच्चों ने पौधों संग मनाया महोत्सव



महापौर बीजरोपण महोत्सव में उन्हें पौधे लाने थे जिसका पंजीयन किया गया। पंजीयन के साथ सभी बच्चों को निश्चित उपहार एग्जाम बोर्ड संस्था द्वारा प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार विजेता कामिल अकरम कक्षा 8वीं कृष्णा पब्लिक स्कूल, पुलगांव रहे उन्हें पुरस्कार में लैपटॉप प्रदान किया गया और द्वितीय पुरस्कार विजेता विवान साहू, कक्षा 4थी में पढ़ते हैं और कृष्णा पब्लिक स्कूल सिंधिया नगर दुर्ग के छात्र हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार थीं। महापौर अलका बाघामर ने बच्चों को हमेशा अपने जन्मदिवस पर पौधे लगाने प्रेरित किया और संस्था के सभी मुख्य कार्यों की सराहने करते हुए बताया कि अंशरोपण का कार्य जो मृतक के परिजनों द्वारा उनके मृतक परिजन के भस्म और मिट्टी के साथ पौधा रोपित किया जाता है जो कि बहुत ही अलग और भावनात्मक कार्य है।

महापौर अल्का बाघमार द्वारा ड्रा के माध्यम से विजेता स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार के पुरस्कार प्रदान किए गए जिनमें ट्रॉली बैग, साईकिल, स्मार्ट वॉच, टेबलेट और लैपटॉप जैसे पुरस्कार रखे गऐ थे। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, पार्षद देव नारायण तांडी, सुरूचि उमरे, अरुण सिंग, लोकेश्वरी ठाकुर, सावित्री दमाहे, समाजसेवी चतुर्भुज राठी, मनमोहन शर्मा, कौशल साहू, हरीश चौहान सहित कदम संस्था के संस्थापक एवं मार्गदर्शक यागेश गनौरे, मुख्य शाखा कदम जबलपुर के राजीव लाल श्रीवास्तव, प्रभु दयाल उजाला, कैलाश बरबेचा जैन, कृष्णकांत दीक्षित आदि उपस्थित थे एवं सभी ने अपना उद्बोधन दिया । कार्यक्रम तानसेन संगीत विद्यालय दुर्ग के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए गए।

## कचरों के सेग्रिगेशन और चारे से खाद तैयार करने का प्रस्ताव एमआईसी में प्रस्तुत करने की अनुशंसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अध्यक्ष खाद्य लोक स्वास्थ्य लक्ष्मीपति राजू और स्वच्छता विभाग की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को हुई। बैठक में निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत पूर्व में संचालित 9 और वर्तमान में नव निर्मित 8 सहित 17 एसएलआरएम सेंटर में कचरों के सेग्रिगेशन और गीले कचरे से खाद तैयार करने का कार्य शहरी आजीविका मिशन में पंजीकृत सीएलएफ सिटी लेबल फेडरेशन के स्वच्छता दीदियों के माध्यम से पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद तैयार किए जाने का प्रकरण महापौर परिषद के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुशंसा की गई। बैठक में एम लक्ष्मी गोपाल, कोमल दास टंडन, के जगदीश, सरीता देवी, पीके श्याम सुदर राव, स्वच्छता समिति के सदस्य सहित जावेद अली, सचिव खाद्य लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता समिति के सचिव स्वास्थ्य अधिकारी राजेश पालवे प्र. सहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच 11 फरवरी, 18 मार्च
08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# थानों में वर्षों से लावारिस पड़े वाहन हुए नीलाम



**भिलाई।** थानों में लंबे समय से पड़े लावारिस वाहनों को नीलाम किया गया। एसएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 2069 थानों में पड़े वाहन थे जिसमें से 1820 वाहनों की नीलामी की गई है। अब तक 581 वाहन सुपुर्द नामा पर दिया जा चुका है। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देशानुसार पुलिस दुर्ग द्वारा लावारिश वाहनों का निराकरण, नीलामी के लिए नियमानुसार सूक्ष्मता से प्रक्रिया का पालन किया गया। लावारिश एवं लादावा पड़े वाहनों की इंवेन्ट्री बनाई गई। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय दुर्ग से वाहनों की जानकारी मिली है। वाहनों के रजिस्ट्रेशन नम्बर, इंजन नम्बर, चेचिस नम्बर के आधार पर वाहन मालिकों को थानों से नोटिस जारी किया गया। वाहन मालिक व्दारा मूल दस्तावेज पेश किए जाने पर उन्हें वाहन सौंपा गया। 28 पुलिस एक्ट में जप्त, 28 पुलिस एक्ट का इश्तगासा अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय में पेश कर ईश्तहार जारी कराया गया। दावा आपत्ति आमंत्रित भी किया गया। दावा आपत्ति में प्राप्त वैद्य दावा वाले वाहनों को वाहन मालिकों को सौपा गया। शेष वाहनों को लावारिश घोषित कर वाहनों के आफसेट मूल्य तय किये जाने समिति का गठन किया। नीलामी से कोष में 76 लाख 88 हजार 648 रूपए जमा हुए।

## पार्षद नोहर ने नारियल फोड़ किया कार्य का शुभारंभ

# जवाहर नगर वार्ड में सड़क डामरीकरण का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम भिलाई अंतर्गत वार्ड 25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड में मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत 40 लाख की लागत से स्वीकृत डामरीकरण कार्य का शुभारंभ स्थानीय नगरवासियों और पार्षद नोहर वर्मा द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया।

■ 40 लाख की स्वीकृति तथा अन्य मार्ग के लिए 16 लाख की स्वीकृति



वार्ड 25 जवाहर नगर केएच मेमोरियल स्कूल से एचआईजी मार्ग की सड़कों को दुरुस्त करने की मांग लगातार पार्षद नोहर वर्मा तथा स्थानीय निवासियों द्वारा की जा रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए पार्षद वर्मा के प्रस्ताव पर राज्य शासन द्वारा 40 लाख की स्वीकृति तथा अन्य मार्ग के लिए 16 लाख की स्वीकृति जवाहर नगर की सड़कों के लिए किया गया है। पार्षद नोहर वर्मा ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार मद अंतर्गत सड़क डामरीकरण के लिए स्वीकृति मिली है। वार्ड 25 की यह सड़क काफी लंबे समय से खराब हो गई थी।

बरसात में लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। पार्षद नोहर वर्मा द्वारा लगातार उक्त मार्ग हेतु संधारण का प्रस्ताव दिया गया था, जिस पर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा कुल 56 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए पार्षद तथा स्थानीय नगरवासियों ने सांसद विजय बघेल तथा नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, विधायक रिकेश सेन का आभार व्यक्त किया।

स्वामी जी 93406-38884
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मार्च 2026
11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-20500/- ऑफर 18,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि
भिलाई, बुधवार 14 जनवरी 2026
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



शकुंतला विद्यालय में आयोजन

लाइव इवेंट

## जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण



**भिलाई।** शरी क्षेत्रों में सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रभावशीलता को सुदृढ़ करने के लिए शहरी मितानिन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण रायपुर में आयोजित किया गया। यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम स्टेट हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर एसएचएसआरसी छत्तीसगढ़ द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें दुर्ग-भिलाई सहित प्रदेश के विभिन्न शहरी क्षेत्रों से आए 60 से अधिक एरिया कोऑर्डिनेटर एवं मितानिन प्रशिक्षकों उपस्थित थे। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. हरीश वशिष्ठ और प्रकाश कुमार के साथ ही सह-प्रशिक्षकों के रूप में आशु, पुष्पा, मनीषा, पुनीता कपूर चंद और अलका दुबे ने किया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि शहरी स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियां केवल सेवाओं की उपलब्धता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समुदाय के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी उतना ही आवश्यक है।

यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स के कार्य क्षमताओं को मजबूत करने के लिए किया गया था। इस दौरान प्रतिभागियों को शहरी स्वास्थ्य प्रणाली, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य ढांचे, शहरी मितानिन कार्यक्रम की भूमिका एवं अपेक्षित परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में अनुभव यानी लर्निंग बॉय डूइंग' के रूप में लागू किया गया। प्रतिभागियों को समूह कार्य, रोल प्ले, सिमुलेशन, मॉक ट्रेनिंग सत्र, माइक्रो-टीचिंग और प्रस्तुतीकरण जैसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था के कार्यकारी निदेशक डॉ. संजीव उपाध्याय उपस्थित रहे और सभी को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में टीमवर्क और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए प्रभावी संचार और व्यवहार परिवर्तन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कौशलों का उपयोग कर शहरी समुदायों तक स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी अंतिम-छोर तक पहुंचाने की बातें कही। शिविर में दुर्ग-भिलाई से एरिया को-ऑडिनेटर लक्ष्मी साहू, किरण, के एल कुमारी, टोमिन साहू, शमीम बानों, पुष्पा मिश्रा और सीटी कोआर्डिटर अल्का दुबे शामिल रही।



लाइव इवेंट

## यातायात पर किया जागरूक, 250 विद्यार्थियों ने जाना सड़क सुरक्षा नियम



**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज कोहका में दुर्ग पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रोड सेफ्टी एवं ट्रैफिक इंजीनियरिंग विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा, रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर संतोष रुंगटा, वाइस चांसलर सौरभ रुंगटा, विशेष अतिथि यातायात सलाहकार और कोच ए.डी. जोशी और दिनेश टांक, द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया भिलाई सेंटर से पुनीत चौबे, बी.पी. यादव,



एस.एन. पाठक, शुभासिनी बोधराज, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सामाजिक संस्था दिशा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। विशेष अतिथि ए.डी. जोशी द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। यातायात सलाहकार दिनेश टांक द्वारा कविता के माध्यम से यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने पर राज्य शासन द्वारा 25 हजार केंद्र सरकार द्वारा एक लाख तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने हेलमेट का अनिवार्य उपयोग, बिना लाइसेंस वाहन न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ट्रिपल सवारी न करने, रैश ड्राइविंग एवं स्टंट न करने जैसे यातायात नियमों के पालन पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं युवावर्ग में घटित हो रही हैं, जिनका प्रमुख कारण यातायात नियमों का पालन न करना है। उन्होंने पूर्व में घटित सड़क दुर्घटनाओं के उदाहरण देते हुए यह भी बताया कि वाहन चलाते समय कान में ईयरफोन लगाना, बिना हेलमेट वाहन चलाना तथा मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना गंभीर दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।



छत्तीसगढ़ की प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का समापन, केंद्रीय विद्यालय संगठन विविध गतिविधियों में बने विजेता

# अनुशासन और आत्मविश्वास का स्काउट गाइड ने दिया परिचय, मार्च पास्ट कुकिंग और कैंप फायर सहित 12 गतिविधियों में केवी को विशेष सम्मान

**छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय शिविर में केंद्रीय विद्यालय 12 विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर विजेता बने। इस दौरान विद्यार्थियों को उत्साह देखते ही बना।**




**भिलाई।** इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देशभर से आए रोवर- रेंजर्स के बीच केंद्रीय विद्यालय संगठन ने अनुशासन, कौशल, सांस्कृतिक प्रस्तुति और नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मार्च पास्ट, कैंप क्राफ्ट, बैकवुड्स कुकिंग, कैंप फायर, फोक डांस, स्टेट एग्ज़ीबिशन, एथनिक फैशन, स्टेट गेट सहित 12 विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर केंद्रीय विद्यालय का नाम रौशन किया। राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा विद्यालय के उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय संगठन की ओर से कंटिजेंट लीडर संजीव कुमार वर्मा और रविंद्र पाल सैमी ने पुरस्कार ग्रहण किया।



### प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित

सम्मान प्राप्त कर विद्यालय आगमन पर केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने सभी रोवर रेंजर छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दीं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। केंद्रीय विद्यालय संगठन की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे राज्य के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। स्काउट गाइड गतिविधियां जीवन में नेतृत्व, सेवा भावना और आत्मविश्वास विकसित करती हैं, उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।






### महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बने विजेता

जंबूरी कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशिक्षक संजीव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। क्वार्टर मास्टर के रूप में डॉ. अजय आर्य ने जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम के प्रशिक्षण और व्यवस्थाओं में संजीव कुमार वर्मा, अजय कुमार यादव, प्रभु शंकर, अनुराग चौरसिया, डॉ. सतीश गोठरवाल, शिवराज सिंह राजपूत, तिजराम चौहान, दानिदास गिरिया, डॉ. अजय आर्य, रविंद्र पाल सैमी, दीपा सराफ, कंचन गुप्ता, अमिता चौधरी, इंदु रानी खाखा, सोसन लकड़ा, नूपुर मिश्रा और डॉ. राखी श्रीवास्तव का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हॉकी और जूडो प्रतियोगिता ओडिशा और पंजाब में, हिस्सा लेने हुए रवाना

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की हॉकी पुरूष टीम सम्बलपुर विश्वविद्यालय ओडिसा में 14 से 19. जनवरी और जूडो पुरूष व महिला टीम लवली प्रोफेसनल विश्वविद्यालय जालंधर पंजाब में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराया गया। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने बेहतर प्रदर्शन करने शुभकामनाएं दी। टीम के सभी खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस और जूता प्रदान किया गया। हॉकी पुरूष टीम के मैनेजर डॉ. अजय लॉजेवार क्रीड़ाधिकारी सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय और



कोच हॉकी टीम के प्रशिक्षक दुर्गेश कन्नौजे वही जूडो पुरूष और महिला टीम के मैनेजर मोहनीश खान खेल सहायक शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी और महिला टीम के कोच श्रद्धा निषाद भिलाई, जूडो पुरूष टीम के राहुल कुमार एन.आई. कोच भिलाई के मार्गदर्शन में खिलाड़ी प्रतियोगिता में टीम प्रतिनिधित्व करेंगे।

हॉकी पुरूष टीम में शामिल खिलाड़ियों में संस्कार शर्मा, कोमल देवांगन, प्रवीण कुमार, मुहूर्त कौशिक, धनेश्वर, अनिकेत साहू, गणेश यादव, गुलशन कुमार, देवेन्द्र कुमार, विनोद यादव, देवदास देशलहरे, आलोक निर्मलकर, तुषार निषाद, साईं विश्वकर्मा, शैलेन्द्र वर्मा है। जूडो पुरूष एवं महिला टीम में शामिल खिलाड़ियों में घनश्याम निर्मलकर, अभिजीत आचार्य, वरुण कुमार लहरे, योगेन्द्र कुमार साहू, आदित्य सिंह, राज सिंह, दीपिका साहू, तन्नु रानी साहू, सपना यादव, दिव्या कुमारी, नंदिनी सिंह, इशिता साहू , स्नेहा नियोगी अपना बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे।

# बुजुर्गों के साथ सेलिब्रेट किया प्री संक्रांति पर्व, चेहरों पर आई मुस्कान



**भिलाई।** दुर्ग–भिलाई महिला ब्राम्हण प्रकोष्ठ द्वारा सेवा भाव के उद्धेश्य से वृद्धा आश्रम सेक्टर–2 के बुजुर्गों के साथ मकर संक्रांति का पर्व स्नेह और सेवा कार्य करते हुए सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान सगस्याओं ने आपसी सहयोग से कंबल, तिल लड्डू, रेवड़ी, मुर्रा लड्डू, मिठाइयां, फल और अन्य आवश्यक सामग्री बुजुर्गों को वितरित किया। उनके चेहरे पर आई मुस्कान और आंखों में अपनापन सभी को सेवाकार्य के लिए प्रोत्साहित किया।



इस सेवा कार्य में अंजू त्रिपाठी, आशा त्रिपाठी, गीता पाण्डेय, सविता त्रिपाठी, नीलम तिवारी, सुषमा दुबे, नीरजा पाण्डेय, बिंदु मिश्रा, प्रतिभा पांडेय, ममता पाण्डेय, पुष्पा त्रिपाठी, अनीता पाण्डेय, पूनम त्रिपाठी सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रही।

परीक्षा की तैयारी करने मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम का आयोजन

कार्नर न्यूज

# जीवन में संतुष्ट रहे, मन शांत रखे, 3 घंटे और जीवन की परीक्षा अकेले ही देना है: बीके आशा

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा रिसाली, मैत्री कुंज स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में कक्षा 8वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने बच्चों को परीक्षा से न घबराकर उसका सामना करने की विस्तार से जानकारी दी। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक और नैतिक विकास के साथ-साथ उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त कर जीवन में सफलता की दिशा देने के लिए आयोजित किया गया था।

### पहले जो पढ़े हुए है उसे स्मृति में लाए

रिसाली केंद्र में आयोजित मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम में भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर एक सब्जेक्ट का स्पेशलिस्ट टीचर होता है, वो कितना भी अच्छा पढ़ाएं, एक्जाम में आने वाला आई एम पी क्योशचन बताए, लेकिन आपको उसे पढ़ने के साथ 3 घंटे के एग्जाम में अकेले ही लिखना होगा। उस समय हमारा मन जो हम पढ़ें हुए है उसे स्मृति में लाए। ठीक इसी प्रकार जीवन में भी परिस्थितियों रूपी परीक्षाओं में भी मन का शांत और एकाग्र रहना आवश्यक है, जीवन रूपी परीक्षाओं को भी हमें अकेले देना होता है। इसलिए आप सभी अपनी श्रेष्ठ तकदीर की स्मृति द्वारा अपने समर्थ स्वरूप का अभ्यास करे। सीखो,पढ़ो, अप्लाई करो।



### जीवन में सदा संतुष्ट रहे

ब्रम्हकुमारी आशा बहन ने अपने संतुष्टता की शक्ति के बारे बताया कि जीवन में सदा संतुष्ट रहे, माता पिता से महंगे मोबाइल, लेपटॉप और कम्प्यूटर आदि की डिमांड न करे, सन्तुष्टता सदा सर्व प्राप्ति संपन्न है क्योंकि जहां सन्तुष्टता है वहां अप्राप्त कोई वस्तु नहीं। जहां सन्तुष्टता है वहां और विशेषतायें स्वतः ही आ जाती हैं। सन्तुष्टता की स्थिति परिस्थिति के ऊपर सदा विजयी है।बीके आशा बहन ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि हमारे मुख से बोल ऐसे निकले जैसे फूलों की वर्षा हो रही है। मीठे बोल, मुस्कराता चेहरा, मीठी वृत्ति, मीठी दृष्टि, मीठा सम्बन्ध-सम्पर्क यह भी लक्ष्य प्राप्ति सफलता का साधन है। स्वयं के खुद ही टीचर बनो, तो सभी कमजोरियां स्वतः समाप्त हो जायेंगी।



## सिटी इवेंट

# आईआईटी मद्रास में शंकराचार्य रायपुर के विकास ने परचम लहराया



**भिलाई।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मद्रास में 2 से 6 जनवरी में आयोजित टेक्निकल फेस्ट शास्त्र 2026 के टेक इनोवेटिव फेयर (टीआईएफ) में छत्तीसगढ़ के श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के फाइनल ईयर के छात्र विकास सिंह ठाकुर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जिसमें दूसरे और तीसरे स्थान पर अन्य आईआईटी और एनआईटी के स्टूडेंट्स रहे।इस कंपटीशन में 2000 से ज्यादा टीमें रजिस्टर्ड रहीं जिसमें विकास का प्रोजेक्ट फाइनल 15 में सलेक्ट हुआ जिसे जज , इन्वेस्टर्स ने पहला विजेता घोषित किया। विकास ठाकुर के अनुसार उनके प्रोजेक्ट का नाम ऑटोमैटिक वीड रिमूवर है, खेतों में होने वाली खरपतवार और गैर जरूरी प्लांट्स को मशीन लर्निंग एल्गोरिथम से ट्रेंड वीडिंग रोबोट कम्प्यूटर विजन से पहचान कर रिमूव कर देता है। विकास ने बताया कि इस रोबोट को बनाने का विचार उन्हें अपने अनुभव से आया जो स्वयं किसान परिवार से हैं, फसल के बीच में खरपतवार को पहचानना, और लेबर से कटवाना दोनों काफी मुश्किल है, क्योंकि आज के समय में लेबर की उपलब्धता आसान नहीं है। पर इस रोबोट से खरपतवार की पहचान और रिमूवल दोनों ही काफी आसान है। इसके लिए आईआईटी मद्रास से 60000 रुपए का पहला इनाम के साथ इंटर्नशिप ऑफर की गई है। इस उपलब्धि पर श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर के चेयरमैन (बीजी) निशांत त्रिपाठी ने बताया कि विकास अपने इनोवेटिव प्रोजेक्ट से पहले भी कई नामी तकनीकी संस्थाओं में विनर हो चुका है, संस्था इनोवेशन रिसर्च और स्टार्टअप पर स्टूडेंट्स की सहभागिता के लिए संकल्पित है, इसलिए भारत सरकार की आइडिया लैब के साथ मिलकर इनोवेशन पर काम कर रही है।

## समाज लाइव

# भारतीय गण वार्ता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त हुए देवेश मिश्रा



**दुर्ग।** भगवा पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रथम अध्यक्ष के रूप में सनातनी हिन्दू नेता,राजनीतिज्ञ सामाजिक ( इंजीनियर, ज्योतिषी एवं दार्शनिक विचारक) देवेश मिश्रा को नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति भगवा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाकांत शुक्ला ने भोपाल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र , मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव, अरुण मिश्रा,संतोष पटाक, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, आनंद महाराज,कमलेश नागरची, मीना बिष्ट, पूजा मिश्रा, प्रिया राजपूत,संदीप ताम्रकार, श्याम ताम्रकार,हेम कुमार यादव,अरुण वर्मा, टीकाराम साहू, प्रशांत साहू,डी आर कोसरे, नगीना यादव, भारत भूषण पाण्डेय सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए करती है प्रेरितः चंद्राकर

**दुर्ग।** मचांदुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार



वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सोसाइटी अध्यक्ष व शाला विकास समिति अध्यक्ष फलेंद्र सिंह राजपूत, सोसाइटी अध्यक्ष उतई फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री प्रवीण यदु, धनराज सिंह, गजपाल, रवि गोस्वामी, तोरण साहू, सीताराम यादव, प्रधान पाठक सरोज गोस्वामी, आचार्यगणखिलेश्वरी साहू, आरती साहू, शीतल साहू, कु. यामिनी साहू, श्रवण गोस्वामी, खिलेश्वरी यादव शामिल थे।

## पवार क्षत्रिय संघ का स्नेह सम्मेलन आज

**भिलाई।** मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग की 59वीं वर्षगांठ पर वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2026 का भव्य आयोजन बुधवार 14 जनवरी को सुबह 11 बजे से राजाभोज मंगल भवन, दीक्षित कॉलोनी, नेहरू नगर (पूर्व) में आयोजित है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू प्रमुख अतिथि होंगे। उनके अलावा विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी, इन्द्रजीत सिंह छोटू, राष्ट्रीय पवार क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष नन्दलाल चौधरी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। समापन समारोह शाम 4 बजे शुरू होगा। आयोजन में सांसद विजय बघेल, मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष छोटेलाल पारधी, संगठन सचिव डॉ. दिलीप चौधरी विचार रखेंगे। कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, कवर्धा, समस्त छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के सामाजिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## सेक्टर-6 चर्च में बीडीपीसी ने मनाया क्रिसमस उत्सव

**भिलाई।** सेक्टर-6 चर्च के भवन में क्रिसमस हर्षोउल्लास के साथ



मनाया गया। मुख्य अतिथि महाधर्म प्रांत रायपुर के महाधर्माध्यक्ष विक्टर हेनरी रहे। भिलाई डिनरी पास्टोरल काउसिंल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमें सामूहिक गीत प्रतियोगिता में प्रथम पॉवर हाउस चर्च, द्वितीय खुर्सीपार, तृतीय स्थान सेक्टर-6 चर्च ने प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नंदनी चर्च, द्वितीय स्थान चरोदा चर्च और तृतीय स्थान पावर हाउस चर्च ने प्राप्त किया। नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नंदनी चर्च, द्वितीय स्थान राजनांदगांव और तृतीय स्थान बोर्सि चर्च ने प्राप्त किया। समारोह का आयोजन बीडीपीसी के अध्यक्ष फादर लिज्जो मैथ्यू तथा एडी विल्सन के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

● राम जैसे पुत्र की कामना है तो पहले खुद बनें माता कौशल्या और पिता दशरथ : आचार्य संदीप

# कृष्ण लीला सुन भक्त हुए भावविभोर, श्रद्धालुओं ने नाचते-झूमते मनाई खुशियां, पूतना वध की सुनी कथा

**भिलाई।** गोवर्धन का अर्थ है गोबर का धन। इंद्रदेव अपने बल और बल और पद के कारण लोगों से अपनी पूजा करवाते थे और उनकी बात न मानने पर ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप का सामना करना पड़ा। देवराज इंद्र के कहने पर पूरे ब्रज में भीषण वर्षा हुई। इंद्र के इस कृत्य को देखकर कृष्ण ने उसके अभिमान को तोड़ने व ब्रजवासियों, पशु-पक्षियों को सुरक्षित करने गोवर्धन पर्वत को अपने बाएं हाथ की कनिष्ठ अंगुली से उठाया और ब्रजवासियों का उद्धार किया। सेक्टर 2 में चल रहे भागवत सप्ताह के चौथे दिन आचार्य ने वासना रुपी राक्षसी पूतना, मन रुपी तृणावर्त व भोग रुपी सकटासुर का वध कर इनका उद्धार की कथा सुनाई। प्रेम नारायण सेवा समिति एवं सम्प्रति सेवा समिति के तत्वाधान में चल रहे श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की श्रृंखला में मंगलवार को कथा में आचार्य संदीप तिवारी ने पूतना वध, सकटासुर, तृवावर्त वध, बाल कृष्ण के माखन चोरी लीला, गोवर्धन पर्वत सहित अन्य प्रसंगों का विस्तार पूर्वक व्याख्या किया। बाल कृष्ण के माखन चोरी लीला की झांकी देखकर उपस्थित श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में भाव विभोर हो उठे। कथावाचक ने गोवर्धन लीला का विस्तार पूर्वक वर्णन किया।



### बाल कृष्ण की लीला सुनकर भक्त हुए भावविभोर

श्रीरामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किये जा रहे कथा में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्म राम जैसे पुत्र की कामना सभी माता-पिता करते है। लेकिन अगर आपको राम जैसा पुत्र चाहिए तो उससे पहले आपको खुद माता कौशल्या व पिता को दशरथ बनना पड़ेगा। तब आप बच्चों से अपेक्षा राम जैसे पुत्र की रखिए। मतलब आपको भी त्याग करना पड़ेगा। बच्चों की परवरिश के दौरान माता-पिता को खुद भी संस्कारी बनना पड़ेगा। तभी बच्चे भी संस्कार सीखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में अभिभावक खुद बच्चों के सामने अश्लील गाने देखते व नाचते है और बच्चों को भी सीखा रहे है। दिन भर मोबाईल, सोशल मीडिया में लगे रहते है और बच्चा रोया तो उसे भी मोबाईल पकड़ा कर अपने स्नेह व दायित्वों से इतिश्री कर लेते है तो बच्चा क्या सीखेगा यह खुद को समझना पड़ेगा।



### माता-पिता भी करें त्याग, विभिन्न प्रसंगों पर सुनाई कथा

कथावाचक ने कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदर्श स्थापित किया है, वह आज भी प्रासंगिक है। राम जन्म, ताड़का वध, राम विवाह, वनवास, रावण वध सहित राम राज्याभिषेक पर सुन्दर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि द्वापर में जब कंस के अत्याचार बढ़े तो श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर मुक्ति दिलाई।

### राम केवल नाम नहीं, राम एक संस्कार है

आचार्य ने बताया कि भक्ति, उपासना व क्रिया यह तीन चीजे जहां होगी वहीं प्रभु का अवतार होता है। जैसे राजा दशरथ वेद है और वेद की तीन धाराएं भक्ति का रुप माता कौशल्या, उपासना सुमित्रा व क्रिया का रुप कैकयी को कहा गया है। राम चरित्र की व्याख्या करते हुए बताया कि राम केवल एक नाम नही है अपितु राम एक संस्कार है और संस्कार सत्य व सुंदर है। इसलिए देवाधि देव महादेव भी प्रभु राम की उपासना में लीन रहते है। राम नाम एक मंत्र है जितना सरल राम का नाम है उतना ही सरल मंत्र। राम नाम के महामंत्र को लेकर जीवन सफल करों, पूरी होगी मनोकामना रामायण का पाठ करों। इस पंक्ति की व्याख्या करते हुए कहा कि जो राम नाम के महामंत्र का जाप करेगा और राम रुपी नौका का आश्रय लेगा उसे राम भवसागर से पार करा देंगे। इसलिए मृत्यु के बाद अंतिम यात्रा में राम नाम सत्य है कहा जाता है। सत्य राम है और सत्य ही कृष्ण है।

## शकुंतला विद्यालय में आयोजन

# कला प्रदर्शनी में दिखे विद्यार्थियों की प्रतिभा के रंग



**भिलाई।** शकुंतला विद्यालय में 10 जनवरी को विज्ञान कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विज्ञान, कला और तकनीक के समन्वय से अपने मॉडलों का निर्माण किया। प्रदर्शनी का निरीक्षण सुब्रत मजूमदार (प्राचार्य, सूर्य पथ स्कूल, दुर्ग) एवं श्रीमती डॉली (शारदा विद्यालय, रिसाली) ने किया। मूल्यांकन के आधार पर कंप्यूटर विज्ञान से 'एग्री बोर्ड' को प्रथम स्थान, रसायन विज्ञान से 'सन चार्ज्ड एलईडी बैग' को द्वितीय स्थान और सामाजिक विज्ञान से 'जल छिपा रत्न' को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं हायर विंग में भौतिक विज्ञान से 'आई स्मार्ट हेलमेट' ने प्रथम स्थान, कंप्यूटर विज्ञान से 'सीजी ट्रैक' ने द्वितीय स्थान और जीव विज्ञान से 'सीढ़ीनुमा खेती' ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुए विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शकुंतला विद्यालय के डायरेक्टर संजय ओझा ने कहा कि निरंतर विकसित होती तकनीक और बदलती दिनचर्या ने छात्रों की कल्पनाशीलता को नई उड़ान दी है।

इस अवसर पर प्राचार्य विपिन कुमार, ममता ओझा (मैनेजर शारदा विद्यालय, रिसाली सेक्टर), प्राचार्या आरती मेहरा (शकुंतला विद्यालय 2), अभय दुबे, उपप्राचार्या जी. रंजना कुमार, अनिता नायर, हेड मिस्ट्रेस सुनीता सक्सेना, सीनियर मिस्ट्रेस बलजीत कौर, आरती जय कुमार प्राचार्य कला केंद्र, प्रभारी राजेश वर्मा, प्रतीक ओझा, वनिता तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।

## विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# डीपीएस का टैलेंट हंट भरतनाट्यम, वेस्टर्न और बंगाली लोक नृत्य ने किया आकर्षित




**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सूर्या ट्रेजर मॉल में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कथक वेलकम डांस से हुई। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, कीबोर्ड व कविता पाठ जैसी विविध प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। भरतनाट्यम, वेस्टर्न डांस, अंग्रेज़ी कविता और समूह द्वारा प्रस्तुत बंगाली लोक नृत्य



विशेष आकर्षण रहे। कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के अतिरिक्त अन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों की अभिभावकों एवं दर्शकों ने सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## देश-दुनिया में हड्डी टूटने, घुटना हिप रिप्लेसमेंट, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के लिए नया विकल्प

# ऑर्थोपेडिक सर्जरी में टाइटेनियम इंप्लांट सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प, यह पद्धति शरीर में ज्यादा अनुकूल

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** ऑर्थोपेडिक सर्जरी में इंप्लांट का चयन केवल हड्डी जोड़ने तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह मरीज की आने वाली पूरी जिंदगी की सुरक्षा से जुड़ा फैसला होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि आज के समय में टाइटेनियम इंप्लांट आर्थोपेडिक सर्जरी के लिए सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद विकल्प बन चुका है। हड्डी टूटने, घुटना या हिप रिप्लेसमेंट और रीढ़ की सर्जरी जैसे मामलों में टाइटेनियम इंप्लांट के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ समय में कैल्शियम की कमी के कारण हड्डियों के टूटने और फैक्चर होने की शिकायतें बढ़ी है। छोटे से हादसे में भी फैच्चर के मामले सामने आ रहे हैं। इसे लेकर वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनुराग चंद्राकर के अनुसार टाइटेनियम इंप्लांट शरीर के अनुकूल होता है और नॉन-मैग्नेटिक होने के कारण एमआरआई जैसी जांचों के दौरान किसी भी तरह का खतरा नहीं पैदा करता। उन्होंने बताया कि मरीज को जीवन में कभी भी एमआरआई जांच की जरूरत पड़ सकती है, ऐसे में शरीर में मौजूद स्टील जैसे मैग्नेटिक इंप्लांट गंभीर जोखिम बन सकते हैं।

### स्टील और टाइटेनियम के उपयोग में खासा अंतर, जानिए

विशेषज्ञों के अनुसार स्टील और टाइटेनियम इंप्लांट में बुनियादी अंतर होता है। स्टील जहां मैग्नेटिक प्रकृति का होता है, वहीं टाइटेनियम पूरी तरह नॉन-मैग्नेटिक होता है। टाइटेनियम हल्का होने के साथ-साथ बेहद मजबूत भी होता है, जिससे हड्डियों पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ता। इसके अलावा यह शरीर में जंग नहीं पकड़ता और हड्डी के साथ बेहतर तरीके से जुड़ जाता है, जिससे मरीज की रिकवरी तेज होती है और इंप्लांट लंबे समय तक सुरक्षित रहता है। आर्थोपेडिक सर्जरी के दौरान अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रमाणित टाइटेनियम इंप्लांट का उपयोग किया जा रहा है। अस्पताल में आधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञों की टीम के कारण मरीजों को कम दर्द, कम जटिलताओं और बेहतर जीवन गुणवत्ता का लाभ मिल रहा है।





### गलत मेटल के इस्तेमाल से मुंबई में हुई घटना से लिया सबक

डॉ. चंद्राकर बताते हैं कि गलत मेटल के इस्तेमाल के खतरे को मुंबई में हुए एक दर्दनाक हादसे से समझा जा सकता है। मुंबई में राजेश मारू नामक मरीज को एमआरआई जांच के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ मशीन के भीतर ले जाया गया। मरीज के शरीर में पहले से स्टील का इंप्लांट लगा हुआ था। एमआरआई मशीन के अत्यधिक चुंबकीय प्रभाव के कारण सिलेंडर तेजी से मशीन की ओर खिंच गया, जिससे मरीज गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि एमआरआई वातावरण में मैग्नेटिक धातुओं की मौजूदगी कितनी खतरनाक हो सकती है।

### इन्फैक्शन का खतरा होता है कम ज्यादा कारगर

डॉ. अनुराग चंद्राकर फिलहाल आरोग्यम हॉस्पिटल सहित अन्य जगहों पर सेवाएं और जरुरत पड़ने पर अन्य हॉस्पिटल के डॉक्टर्स को भी सुझाव दे रहे हैं। उनका कहना है कि इंप्लांट का चुनाव कभी भी केवल लागत के आधार पर नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह शरीर के अंदर वर्षों तक रहता है और भविष्य में होने वाली किसी भी जांच या इलाज को प्रभावित कर सकता है। मुंबई की घटना ने चिकित्सा जगत के साथ-साथ आम लोगों को भी यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि इलाज के दौरान इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री कितनी महत्वपूर्ण होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि टाइटेनियम इंप्लांट आज सिर्फ एक आधुनिक विकल्प नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा की जरूरत बन चुका है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्यों को मिलेगा 10 लाख का सालाना अनुदान, विक्रम सिसोदिया ने उठाई वोटिंग अधिकार की मांग




**रायपुर।** गुजरात के अहमदाबाद में भारतीय ओलंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में ओलंपिक खेलों के भविष्य और स्वरूप को लेकर कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया ने बैठक में शिरकत की और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष व दिग्गज एथलीट डॉ. पीटी उषा से मुलाकात की। उन्होंने डॉ. उषा को छत्तीसगढ़ में चल रही खेल गतिविधियों से अवगत कराया। श्री सिसोदिया ने जानकारी दी कि बैठक में खेल और खिलाड़ियों के व्यापक हित में फैसला लेते हुए राज्य ओलंपिक संघों को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए की अनुदान राशि देने का निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान एक और अहम मुद्दे पर चर्चा हुई। श्री सिसोदिया ने भारतीय ओलंपिक संघ में सभी राज्य ओलंपिक संघों के 'मतदान अधिकार' को पुनः प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर अन्य राज्यों के ओलंपिक संघ के प्रतिनिधियों ने भी अपनी सहमति जताई और इसका अनुमोदन किया। इस विषय पर जल्द ही आगे की विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रायपुर पुरुष टीम 12वीं बार चैंपियन, भावेश चुने गए 'बेस्ट लिफ्टर'



**रायपुर।** राजधानी के पचपेड़ी नाका में आयोजित तीन दिवसीय '23वीं सीनियर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय पुरुष/महिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप' का समापन रायपुर टीम की ऐतिहासिक जीत के साथ हुआ। रायपुर जिला की पुरुष टीम ने अपने वर्चस्व को कायम रखते हुए शानदार प्रदर्शन किया और लगातार 12वीं बार चैंपियनशिप का विजेता खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर के खिलाड़ियों ने कुल 10 पदक जीते, जिसमें 6 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। टीम के स्टार खिलाड़ी भावेश सारंग को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरुष वर्ग में 'बेस्ट लिफ्टर ऑफ छत्तीसगढ़ 2025-26' के खिताब से नवाजा गया। पदक विजेताओं की सूची (पुरुष वर्ग) में 60 किग्रा वर्गः करण लहरे (स्वर्ण), चिरंजीव भारती (रजत), अंकित भारती (कांस्य)65 किग्रा वर्गः टोमन भारती (स्वर्ण)79 किग्रा वर्गः सुभाष लहरे (स्वर्ण), देवव्रत शर्मा (कांस्य) 88 किग्रा वर्गः भावेश सारंग (स्वर्ण)96 किग्रा वर्गः अतीश पाटिल (स्वर्ण)110 किग्रा वर्गः कोमेश डांडे (स्वर्ण), योगानंद खरे (रजत) महिला वर्ग में रायपुर की ओर से एकमात्र प्रतिभागी श्रेया साहू ने भी निराश नहीं किया। उन्होंने 86 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।इस शानदार उपलब्धि पर टीम के कोच दीपक धीवर, लक्की मरकाम और मैनेजर महेश खेलवार सहित सभी विजेता खिलाड़ियों को रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### लक्ष्य सेन की विजयी शुरुआत, कई दिग्गज खिलाड़ी बाहर




**रायपुर।** इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में मंगलवार से शुरू हुए योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन और महिला डबल्स जोड़ी ट्रीसा जॉली व गायत्री गोपीचंद ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि टूर्नामेंट के पहले ही दिन कई वरीयता प्राप्त खिलाड़ी उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन ने अपने ही अकादमी साथी आयुष शेट्टी को सीधे गेमों में 21-12, 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने मात्र 36 मिनट में यह जीत दर्ज की। अगले दौर में उनका सामना जापान के केंटा निशिमोतो से होगा। महिला डबल्स में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने थाईलैंड की जोड़ी को 21-15, 21-11 से मात दी। वहीं, पुरुष डबल्स में हरिहरन अम्सकारुनन और एमआर अर्जुन ने मलेशियाई जोड़ी को हराकर सबको चौंका दिया। हालांकि, श्रुति मिश्रा और प्रिया कोनजेंगबाम को एक कड़े मुकाबले में हांगकांग की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के पहले दिन बीजिंग खिलाड़ियों के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। चौथी वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन (चीनी ताइपे) को कनाडा के ब्रायन यांग ने हराया। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स लानियर (फ्रांस) को ची यू जेन ने मात दी।

बच्चों के लिए सही और आरामदायक स्वेटर चुन सकते हैं

# बच्चों के लिए स्वेटर खरीदते समय रखें कुछ खास बातों का ध्यान, होगा फायदा

स्वेटर ठंड के मौसम में बच्चों के लिए एक जरूरी और आरामदायक परिधान होता है। सही स्वेटर चुनना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर जब बात छोटे बच्चों की हो। इस लेख में हम आपको कुछ अहम सुझाव देंगे, जिनसे आप अपने बच्चों के लिए सही और आरामदायक स्वेटर चुन सकते हैं। सही आकार, कपड़े का चुनाव, डिजाइन और देखभाल जैसे पहलुओं पर ध्यान देकर आप अपने बच्चे को ठंड से सुरक्षित रख सकते हैं।



### सही आकार चुनें

बच्चों के लिए सही आकार का स्वेटर चुनना बहुत जरूरी है। अगर स्वेटर बहुत ढीला या तंग होगा तो वह आरामदायक नहीं लगेगा और बच्चे को परेशानी हो सकती है। इसलिए हमेशा बच्चे की उम्र और आकार के अनुसार ही स्वेटर खरीदें। ध्यान रखें कि बच्चों का शरीर तेजी से बढ़ता है, इसलिए थोड़ा बड़ा साइज लेना बेहतर हो सकता है ताकि वह लंबे समय तक पहना जा सके।

### कपड़े का चयन करें

स्वेटर के लिए कपड़े का चयन करते समय उसके गर्माहट और आराम पर ध्यान दें। ऊनी कपड़े ठंड से बचाने में मदद करते हैं, लेकिन कुछ बच्चों को ऊनी कपड़े से परेशानी हो सकती है। ऐसे में सूती या अन्य हल्के कपड़े का चयन करना बेहतर हो सकता है, जो हल्का और आरामदायक हो। इसके अलावा कपड़े की गुणवत्ता भी देखनी चाहिए ताकि वह लंबे समय तक टिक सके और बार-बार धोने पर भी अपना आकार न खोएं।

### रंग और पैटर्न पर ध्यान दें

बच्चों के स्वेटर के रंग और पैटर्न भी अहम होते हैं। छोटे बच्चों के लिए हल्के रंग जैसे नीला, गुलाबी या पीला अच्छे रहते हैं क्योंकि ये आसानी से मिल जाते हैं। बड़े बच्चों के लिए गहरे रंग जैसे लाल, हरा या काला चुन सकते हैं, जो स्टाइलिश दिखते हैं और गंदगी भी कम दिखाते हैं। इसके अलावा अगर आपके बच्चे को पसंदीदा कार्टून या पैटर्न हो तो उसे भी ध्यान में रखें ताकि वह खुश रहे।

### धोने और देखभाल करने का तरीका जानें

स्वेटर को धोने और देखभाल करने का तरीका भी अहम है। कुछ स्वेटर मशीन में धोए जाने योग्य होते हैं, जबकि कुछ हाथ से धोने की जरूरत होती है। इसलिए खरीदारी करते समय लेबल जरूर पढ़ें ताकि बाद में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा स्वेटर को सुखाने और स्टोर करने का तरीका भी जानना जरूरी है ताकि वह अपने आकार और गुणवत्ता को बरकरार रख सके।

### स्टाइलिश दिखना भी जरूरी है

स्वेटर सिर्फ आरामदायक ही नहीं, बल्कि स्टाइलिश भी होना चाहिए ताकि आपका बच्चा उसमें अच्छा लगे और आत्मविश्वास महसूस करे। आजकल बाजार में कई प्रकार के डिजाइन उपलब्ध हैं, जो बच्चों को पसंद आते हैं जैसे फुल-स्लीव, हाफ-स्लीव या जैकेट स्टाइल स्वेटर। इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए आप अपने बच्चे के लिए एक बेहतरीन स्वेटर चुन सकते हैं जो उसे ठंड से सुरक्षित रखेगा और आरामदायक महसूस करवाएगा।

## सूजी से सिर्फ हलुआ ही नहीं बनता, बनाए जा सकते हैं और भी स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन

सूजी एक ऐसी सामग्री है, जिसका उपयोग कई स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाने के लिए किया जा सकता है। यह हल्का और पौष्टिक होता है, जिससे इसे नाश्ते में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आइए आज हम आपको सूजी से बनाए जाने वाले कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि जल्दी भी बन जाते हैं और इन्हें बनाना आसान है।



**सूजी का उपमा :** सूजी का उपमा एक लोकप्रिय दक्षिण भारतीय नाश्ता है। इसे बनाने के लिए सूजी को हल्का-सा भूनकर उसमें तेल में राई, उड़द दाल, चना दाल, हरी मिर्च, अदरक और हरी सब्जियां मिलाई जाती हैं। इसके बाद इसमें भुनी हुई सूजी मिलाई जाती है और पानी डालकर पकाया जाता है। यह नाश्ता पौष्टिक और स्वादिष्ट है, जिससे यह आपके सुबह के खाने को खास बना सकता है। इसे नारियल की चटनी के साथ परोसें।

**सूजी का ढोकला :** ढोकला गुजरात का एक प्रसिद्ध व्यंजन है, जिसे आमतौर पर बेसन से बनाया जाता है, लेकिन सूजी से भी इसे बनाया जा सकता है। इसके लिए सूजी को दही और मसालों के साथ मिलाकर खमीर आने तक रखा जाता है, फिर इसे भाप में पकाया जाता है। ऊपर से तड़का लगाने के बाद इसे कटे हुए हरे धनिये और हरी मिर्च के साथ परोसा जाता है। यह नाश्ता हल्का और पौष्टिक है।

**रवा इडली :** इडली दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध व्यंजन है, जिसे आमतौर पर चावल और उड़द दाल से बनाया जाता है, लेकिन सूजी से भी इसे बनाया जा सकता है। इसके लिए सूजी को दही और मसालों के साथ मिलाकर खमीर आने तक रखा जाता है, फिर इसे भाप में पकाया जाता है। ऊपर से तड़का लगाने के बाद इसे कटे हुए हरे धनिये और नारियल की चटनी के साथ परोसा जाता है। यह नाश्ता पौष्टिक और स्वादिष्ट है।

**सूजी के पकोड़े :** सूजी के पकोड़े एक बेहतरीन स्नैक विकल्प हो सकते हैं, जिसे आप शाम की चाय के साथ खा सकते हैं। इसके लिए सूजी को बेसन, प्याज, हरी मिर्च, अदरक और मसालों के साथ मिलाकर घोल तैयार किया जाता है, फिर छोटे-छोटे गोले बनाकर गर्म तेल में तले जाते हैं। ये पकोड़े कुरकुरे और स्वादिष्ट होते हैं, जिन्हें आप हरी चटनी या टमाटर की चटनी के साथ परोस सकते हैं।

## इस तरीके से धोएं अपनी पफर जैकेट सिकुड़े बिना बनी रहेगी गर्माहट

पफर जैकेट सर्दियों का खास परिधान है, जो ज्यादातर लोगों की पहली पसंद रहता है। यह जैकेट शरीर को गर्माहट तो देती ही है, साथ ही इसे पहनकर बेहद ट्रेंडी लुक भी मिलता है। ज्यादा पहनने से इस पर धूल जम जाती है और रंग फीका पड़ने लगता है। ऐसे में लोग इसे वाशिंग मशीन में धोने की गलती कर बैठते हैं, जिससे यह खराब हो सकती है। आज हम आपको पफर जैकेट साफ करने के सरल फैशन टिप्स बताएंगे।

**लेबल पर लिखे निर्देश पढ़ें :** सर्दियों के सभी कपड़ों की तरह पफर जैकेट पर भी एक लेबल लगा होता है। इस पर उसे साफ करने और उसका ध्यान रखने के निर्देश लिखे होते हैं। आपको इसे ध्यान से पढ़ना चाहिए, ताकि पता चल सके कि इसे मशीन में धोना सही है या नहीं। लेबल पर ये भी लिखा होगा कि धोते समय पानी का तापमान कितना होना चाहिए और कैसे डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना चाहिए। इस पर आपको जैकेट सुखाने के निर्देश भी मिल जाएंगे।

**धोने से पहले ये काम करें :** पफर जैकेट के अंदर पंख या रुई भरी जाती है, जिसकी वजह से वह गर्म रहती है। साथ ही उसमें टोपी और मफलर जैसे अटैचमेंट भी लगे होते हैं। ऐसे में जैकेट धोने से पहले इन अटैचमेंट को जरूर



निकाल दें। जैकेट की चेन और बटन बंद कर लें और उसे उल्टा करके साफ करें। इससे जैकेट का बाहरी हिस्सा खराब नहीं होगा और उसके अंदर भरा फाइबर भी ठीक रहेगा।

**केवल दागों को साफ करें :** अगर आपकी पफर जैकेट पर छोटे-मोटे दाग लग गए हैं तो उसे पूरा न धाएं। आपको जितना हो सके उसे धोने से बचना ही चाहिए। ये दाग जैकेट की ऊपरी सतह पर ही लगते हैं और अंदर तक प्रवेश नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप उन्हें लिक्विड डिटर्जेंट की मदद से साफ कर सकते हैं। ब्रश पर डिटर्जेंट लगाएं और उसे दाग पर हल्के हाथों से घिसें। अब थोड़ा पानी लगाकर दाग को साफ करें और सुखा लें।

**मशीन के बजाय हाथ से धोएं :** अगर आपकी पफर जैकेट ज्यादा गंदी है तो उसे मशीन में धोने के बजाय हाथ से साफ करें। यह सही तरीका है, जो जैकेट की गर्माहट को बनाए रखेगा और उसका आकार भी खराब नहीं करेगा।



## सर्दियों में हीटर चलाए बिना कमरा गर्म रखने के लिए अपनाएं ये तरीके

इन दिनों हाड़ कंपाने वाली सर्दी हो रही है और घर से बाहर जाना तक मुश्किल लग रहा है। ऐसे में मजबूरन हीटर चलाना पड़ता है, जो कमरे को गर्म रखता है। हालांकि, ज्यादा देर तक हीटर चलाने से कमरे में ऑक्सीजन कम होता है और बिजली का बिल भी ज्यादा आता है। इससे हृदय रोग, घुटन और बेहोशी का खतरा भी रहता है। आप बिना हीटर चलाए भी इन तरीकों से अपना कमरा गर्म रख सकते हैं।

### खिड़की-दरवाजे बंद रखें

सर्दियों में ठंडी हवा चलती है, जो कमरे में प्रवेश करके उसे ठंडा कर देती है। ऐसे में अगर आप घर के खिड़की और दरवाजे बंद रखेंगे तो थोड़ी राहत मिल जाएगी। ऐसा करने से हवा अंदर नहीं आएगी और कमरे के अंदर की गर्मी बनी रहेगी। खिड़की-दरवाजों के साथ उन छोटे-छोटे कोनों और दरारों को भी भरें, जिनसे हवा आने की संभावना हो। दरवाजों के निचले हिस्से पर मैट लगा दें या उन्हें किसी कपड़े से बंद कर दें।



### मोटे पर्दे लगाएं और कालीन बिछाएं

कमरे को गर्म बनाए रखने में पर्दे और कालीन जैसे सजावटी सामान भी काम आ सकते हैं। ठंडी हवा को नीचे से ऊपर आने से रोकने के लिए फर्श पर मोटी कालीन बिछाएं। इससे आपको ठंडी फर्श पर चलने में भी मुश्किल नहीं होगी। अपने पतले पर्दों को वेलवेट या ऊनी पर्दों से बदलें। ये गर्मी बनाए रखते हैं और आरामदायक माहौल भी बना देते हैं। ज्यादा गर्मी के लिए आप दीवारों पर टेपेस्ट्री भी टांग सकते हैं।

### गर्म चादर का उपयोग करें

सर्दियों में लोग बिस्तर पर बैठना ही ज्यादा पसंद करते हैं। हालांकि, गर्म महसूस करने के लिए केवल कंबल ही काफी नहीं होते। आपको अपने बिस्तर और सोफे पर ऊनी चादरें बिछानी चाहिए। ये आम चादरों से मोटी होती हैं और गर्मी को रोककर रखने में सक्षम होती हैं। इन पर लेटकर आपको सर्दी नहीं लगेगी और ऊपर से कंबल ओढ़ने पर अतिरिक्त गर्माहट भी मिलती रहेगी। ये तरीके कमरा गर्म रखने के लिए बढ़िया रहेंगे।

### अलाव जलाएं

हीटर से बिजली खर्च होती है, जिसका एक शानदार विकल्प अलाव हो सकता है। आप तसले में सूखी लकड़ी और कोयला जलाकर आग ताप सकते हैं। हालांकि, इस दौरान कमरे को बंद रखने की गलती बिलकुल न करें, क्योंकि यह खतरनाक होता है। खिड़कियां खोलकर ही अलाव जलाएं और कमरा गर्म होने के बाद उसे बुझाकर बाहर रख दें। अब खिड़कियां बंद कर दें, ताकि कमरे की गर्माहट बनी रहे।

कार्नर न्यूज

कार्ब्स का बढ़िया स्त्रोत है और पेट भी भर देती है

# ब्रेड से सैंडविच के अलावा और भी लजीज व्यंजन बनाकर खाएं और खिलाएं, पाएं वाह-वाही

ज्यादातर लोग सुबह के नाश्ते में ब्रेड खाना पसंद करते हैं। यह कार्ब्स का बढ़िया स्त्रोत है और पेट भी भर देती है। आम तौर पर लोग या तो ब्रेड में मक्खन लगा कर खा लेते हैं या फिर उसका सैंडविच बना लेते हैं। हालांकि, इस खाद्य पदार्थ से सैंडविच के अलावा भी कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा सकते हैं। आज के लेख में हम आपको ब्रेड की कुछ लजीज पकवानों की रेसिपी बताने वाले हैं।



### ब्रेड पोहा

ब्रेड पोहा बेहतरीन नाश्ता है, जो बच्चों को खास तौर से पसंद आता है। इसके लिए पैन में तेल गर्म करके उसमें राई, करी पत्ते और मिर्च भूनें। अब इसमें बारीक कटे प्याज, गाजर, शिमला मिर्च और बींस को अच्छी तरह भून लें। इसके बाद इसमें हल्दी और टमाटर डालकर पकने दें। ब्रेड को छोटे टुकड़ों में काटकर इसमें डालें। इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला मिलाएं। प्लेट में निकालकर इस पर नींबू का रस और धनिया छिड़कें।

### ब्रेड पिज्जा

पिज्जा खाने का मन करे तो झटपट ब्रेड पिज्जा बनाकर खा लें। इसके लिए पिज्जा बेस की जगह पर ब्रेड का इस्तेमाल किया जाएगा। ब्रेड के ऊपर मक्खन, पिज्जा-पास्ता सॉस, मेयोनीज और चीज स्प्रेड लगाएं। इसके बाद इसपर टमाटर, मशरूम, कॉर्न, पनीर, प्याज, शिमला मिर्च और ब्रोकली आदि रखें। ऊपर से मोजेरेला चीज डालें और सीजनिंग भी छिड़क दें।

### ब्रेड लजानिया

ब्रेड लजानिया बनाने के लिए क्रीम, मक्खन, मैदा, चीज और सीजनिंग मिलाकर सफेद सॉस तैयार करें। इसके बाद शिमला मिर्च, गाजर, कॉर्न, प्याज, मशरूम, मिर्च और पसंद की सब्जियों को काटकर भून लें। इसमें मसाले और पिज्जा-पास्ता सॉस शामिल करें। एक बेकिंग डिश में ब्रेड की परत बिछाएं और ऊपर से दोनों सॉस और चीज भी डालें। एक-एक करके परत बनाते जाएं और लजानिया को बेक कर लें। ऊपर से चिली फ्लेक्स और ओरिगैनो जैसी सीजनिंग डालकर खाएं।



### ब्रेड पकौड़ा

ब्रेड से बनने वाले पकौड़े चाय के साथ बहुत स्वादिष्ट लगते हैं। इसके लिए उबले आलू में मसाले मिलाकर एक जायकेदार फिलिंग तैयार करें। इसके बाद एक कटोरे में नमक, बेसन, पानी और मसाले मिलाकर घोल तैयार करें। 2 ब्रेड के बीच में फिलिंग भरें और उसे बेसन वाले घोल में डुबोएं। अब कढ़ाई में तेल गर्म करके पकौड़ों को तल लें। इन्हें हरी चटनी और सॉस के साथ परोसें।

### ब्रेड ढोकला

ब्रेड ढोकला तैयार करने के लिए पहले ब्रेड के किनारे वाले भूरे हिस्से को काट लें। एक कटोरे में दही, ताजा कटा हरा धनिया, हरी मिर्च, नमक और काली मिर्च का पाउडर मिलाएं। इस मिश्रण को ब्रेड पर फैलाएं और ऊपर से दूसरी ब्रेड रख दें। तवे पर तेल गर्म करें और उसमें राई, हल्दी और करी पत्तों को भूनें। अब इस तड़के पर ब्रेड वाले ढोकले रखें और उन्हें दोनों तरफ से सेंकने के बाद चटनी के साथ खाएं।

